



RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 108 | कुशीनगर | मंगलवार 16 फरवरी, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये




### केंद्र सरकार ने की मैपिंग पॉलिसी में बदलाव की घोषणा

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगी मदद: पीएम मोदी

नई दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्र सरकार ने सोमवार को देश की मैपिंग मॉलिसी में व्यापक बदलाव की घोषणा की है, जिसमें कहा गया कि इससे भारतीय कंपनियों को फायदा होगा। सरकार के श्आत्मानिर्भर भारतश अभियान को ध्यान में रखते हुए नीति में बदलाव किए गए हैं। ट्विटर पर इसकी घोषणा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की दृष्टि में नीतिगत बदलाव एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा, ष्हमारी सरकार ने एक निर्णय लिया है, जो डिजिटल इंडिया को गति प्रदान करेगा। जियोस्पेशल डेटा के अधिग्रहण और



उत्पादन को नियंत्रित करने वाली नीतियों को उदार बनाना, आत्मानिर्भर भारत के लिए हमारी दृष्टि में एक बड़ा कदम है।ष् प्रधानमंत्री ने आगे ट्वीट में कहा, ष्यह सुधार हमारे देश के स्टार्ट–अप, निजी क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र और नवाचारों को चलाने और स्केलेबल समाधानों का निर्माण करने के लिए रिसर्च संस्थानों में अवसरों को अनलॉक करेगा। यह रोजगार पैदा करेगा और आर्थिक विकास में तेजी लाएगा।ष् उन्होंने यह भी कहा कि इसके आंकड़ों की क्षमता से देश के किसानों को भी लाभ होगा। पीएम मोदी ने इस मामले में एक अन्य ट्वीट में कहा, ष्यह सुधार भारत में व्यापार में आसानी से सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## आम जनता पर महंगाई की डबल मार, बढ़े एसपीजी सिलेंडर के दाम

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कोरोना संकटकाल के बाद आम जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। लगातार देश में पेट्रोल डीजल के साथ–साथ एलपीजी सिलेंडर के भी दाम बढ़ रहे है। सप्ताह



पहले ही दिन लेंडर के दाम भग घ50 बढ़ ए हैं जबकि ट्रोल और जल के दामों भी इजाफा खा गया है। आज पेट्रोल की कीमतों में 26 पैसे की बढ़ोतरी हुई वहीं डीजल 29 पैसे महंगा हुआ। बात घरेलू एलपीजी सिलेंडर की करें तो इसकी कीमत घ769 हो गई है। पहले यह घ719 हुआ करता था। यह कीमतें आज से ही लागू हो जाएंगी। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घ89 प्रति लीटर के करीब पहुंच गई है। कच्चे तेल की कीमतें भी लगातार मजबूत हो रही है।



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में 15 फरवरी से घाटी के सभी कॉलेजों को खोल दिया गया है। कोरोना काल के बाद से बंद पड़े कॉलेजों में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। कॉलेजों के खुलने से विद्यार्थियों में काफी खुशी है और बहुत ही उत्सुकता के साथ वह कॉलेजों में पढ़ाई करने के लिए पहुंचे।

## डीजल की बढ़ती कीमतों से ट्रांसपोर्टरों ने दी सरकार को हड़ताल की चेतावनी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। डीजल की बढ़ती कीमतों और उच्च कर का विरोध करते हुए ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल पर जाने की रविवार को चेतावनी दी। ट्रांसपोर्टरों के शीर्ष संगठन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने कहा कि डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इसके अलावा कर की उच्च दरें, ई–वे बिल से संबंधित कई बातों और वाहनों को कबाड़ करने की मौजूदा नीति आदि पर एआईएमटीसी की संचालन परिषद में चर्चा की गयी। एआईएमटीसी लगभग 95 लाख ट्रक ड्राइवरों और लगभग 50 लाख बसों व पर्यटक ऑपरेटरों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है। संगठन ने बयान में कहा कि उसके राष्ट्रीय नेतृत्व ने मांगों के समाधान की दिशा में प्रक्रिया शुरू करने के लिये सरकार को 14 दिन का नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। प्रमुख मांगों में डीजल की कीमतों में तत्काल कमी और इसमें एकरूपता, ई–वे बिल व जीएसटी से संबंधित मुद्दों का समाधान और वाहनों को कबाड़ करने की नीति को अमल में लाने से पहले ट्रांसपोर्टरों के साथ इस बारे में चर्चा शामिल है। संगठन ने कहा कि यदि सरकार ऐसा नहीं करती है तो वे देश भर में परिचालन बंद करने को बाध्य होंगे।



## दिशा की गिरफ्तारी पर बोले राहुल गांधी, कहा– भारत खामोश नहीं होने वाला है

नयीदिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने किसान आंदोलन से जुड़ी ' टूलकिट 'सोशलमीडिया पर साझा करने के मामले में पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत खामोश नहीं होने वाला है। उन्होंने दिशा की गिरफ्तारी से जुड़ी खबर साझा करते हुए ट्वीट किया , '' बोल कि लब आजाद हैं तेरे, बोल कि सच जिंदा है अब तक! वो डरे हैं, देश नहीं!'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''भारत खाामोश नहीं होने वाला है।'' पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी इसी मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, ''डरते हैं बंदूकों वाले एक निहत्थी लड़की से, फैले हैं हिम्मत के उजाले एक निहत्थी लड़की से।'' उल्लेखनीय है कि किसानों के प्रदर्शन से जुड़ी 'टूलकिट' सोशल मीडिया पर साझा करने में संलिप्तता के आरोप में दिशा रवि को बेंगलुरू से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दिशा रवि (22) को दिल्ली पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ के दल ने शनिवार को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोप लगाया कि भारत के खिलाफ वैमनस्य फैलाने के लिए रवि और अन्य ने खालिस्तान–समर्थक समूह 'पोएटिक जस्टिस फाउंडेशन' के साथ साठगांठ की।



## पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ: ममता बनर्जी

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है। कोलकाता में चितरंजन सेवा सदन अस्पताल में 'मदर एंड चाइल्ड हब' का उद्घाटन करते हुए, बनर्जी ने कहा कि राज्य भर के अस्पतालों का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप समुन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, ''बंगाल स्वास्थ्य क्षेत्र में देश में अव्वल है। सरकार ने आवश्यक बुनियादी ढांचों का भी विकास किया है। पश्चिम बंगाल ने कोविड संकट से निपटने में भी बेहतरीन काम किया है।'' बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल अपने लोगों को मुफ्त राशन, मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल और मुफ्त शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र राज्य है। राज्य में 10 करोड़ लोगों को 'स्वास्थ्य साथी' कार्ड दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में अब 17 'मदर एंड चाइल्ड हब' हैं और 43 'मल्टी–स्पेशियलिटी' अस्पताल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में प्राइवेसी का मुद्दा: कोर्ट ने वॉट्सऐप से कहा...

## लोगों की निजता पैसों से ज़्यादा अहम

नई दिल्ली,(एजेंसी)। व्हाट्सऐप की नई प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर हो रहे विवाद के बीच सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इंस्टेंट मेसेजिंग ऐप को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सऐप से कहा है कि वह यह लिखकर दे कि यूजर्स का डेटा किसी तीसरी पार्टी के साथ साझा नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने मामले में फेसबुक, केंद्र सरकार और व्हाट्सऐप को नोटिस जारी किया है और मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते के लिए टाल दी है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा, श्लोगों को अपनी निजता को लेकर बहुत चिंता है। आप (व्हाट्सऐप) दो ट्रिलियन या तीन ट्रिलियन की कपंनी होंगे, लेकिन निजता आपके पैसों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। लोगों की निजता को सुरक्षित रखना आपकी ड्यूटी है।श बता दें कि कोर्ट ने यह फैसला साल 2016 में आई व्हाट्सऐप पॉलिसी को लेकर सुनाया है। व्हाट्सऐप की निजता पॉलिसी के खिलाफ कर्मण्य सिंह सरीन ने साल 2016 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के मुताबिक, जबसे फेसबुक ने




व्हाट्सऐप को खरीदा है तबसे इंस्टेंट मेसेजिंग ऐप के यूजर्स का डेटा फेसबुक के साथ शेयर किया जा रहा है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट की संविधानिक पीठ के पास लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने कोर्ट में यह भी कहा कि व्हाट्सऐप यूरोपिय यूजर्स की तुलना में भारतीय यूजरों से भेदभाव करता है। वहीं, व्हाट्सऐप की ओर से कोर्ट में दलील दे रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि कोई भी संवेदनशील निजी जानकारी तीसरे पक्ष के साथ शेयर नहीं की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मामला अभी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। केंद्र की ओर से कोर्ट में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष न्यायालय को बताया, श्कोई कानून हो या नहीं लेकिन निजता का अधिकार मौलिक अधिकारों का हिस्सा है। व्हाट्सऐप को निजता के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए। उन्हें डेटा नहीं शेयर करना चाहिए।श बता दें कि व्हाट्सऐप की नई नीति के तहत यूजर्स या तो उसे स्वीकार कर सकते हैं या उन्हें ऐप का इस्तेमाल बंद करना पड़ेगा। यूजर्स के पास फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा तीसरे पक्ष से डाटा साझा नहीं करने का विकल्प चुनते हुए ऐप का इस्तेमाल करने का विकल्प नहीं है। आपकी नई पॉलिसी को लेकर भारतीयों में आशंका अदालत ने वरिष्ठ वकील श्याम दीवान की उस दलील का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में डेटा प्रोटेक्शन को लेकर कोई कानून नहीं है। चीफ जस्टिस बोबडे, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस वी रामासुब्रमण्यम की बेंच ने एक सुर में कहा कि मिस्टर दीवान की दलील से हम प्रभावित हैं। ऐसा कानून प्रभाव में लाना चाहिए। वॉट्सऐप अपनी नई प्राइवेसी के तहत भारतीयों का डेटा शेयर करेगा। इस डेटा शेयरिंग को लेकर भारतीयों में आशंकाएं हैं। यूरोपीय नियमों पर कोर्ट का सवाल और वॉट्सऐप का जवाब सुप्रीम कोर्ट ने यूरोप की तुलना में भारत में प्राइवेसी स्टैंडर्ड गिराए जाने के आरोपों पर वॉट्सऐप से जवाब मांगा है। वॉट्सऐप ने इस पर कहा कि यूरोप में प्राइवेसी को लेकर खास कानून हैं। अगर भारत में भी वैसे ही कानून हों तो हम उनका भी पालन करेंगे।

### क्या है वॉट्सऐप की नई पॉलिसी?

वॉट्सऐप यूजर जो कंटेंट अपलोड, सबमिट, स्टोर, सेंड या रिसीव करते हैं, कंपनी उसका इस्तेमाल कहीं भी कर सकती है। कंपनी उस डेटा को शेयर भी कर सकती है। यह पॉलिसी 8 फरवरी 2021 से लागू होनी थी, लेकिन विवाद बढ़ने के बाद डेडलाइन को बढ़ाकर 15 मई कर दिया गया है। पहले दावा किया गया था कि अगर यूजर इस पॉलिसी को एग्री नहीं करता है तो वह अपने अकाउंट का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। हालांकि, बाद में कंपनी ने इसे ऑप्शनल बताया था।

### सरकार सोशल मीडिया पर सख्त

हाल ही में सरकार ने सोशल मीडिया पर किसान आंदोलन के बारे में फेक न्यूज, आपत्तिजनक और हिंसा भड़काने वाले कंटेंट को लेकर नाराजगी जताई थी। राज्यसभा में प्ज मिनिस्टर रविशंकर प्रसाद ने कहा था, श्हम सोशल मीडिया का सम्मान करते हैं। इसने आम लोगों को ताकत दी है। डिजिटल इंडिया प्रोग्राम में भी सोशल मीडिया की भूमिका काफी अहम है, लेकिन अगर इससे फेक न्यूज और हिंसा को बढ़ावा मिलता है तो हम कार्रवाई करेंगे। फिर वो ट्विटर हो या कोई प्लेटफार्म।

## देशभक्त और देशद्रोही में फर्क नहीं पहचान पाए पीएम: प्रियंका गांधी

बिजनौर,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन को हासिल करने में कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के लिए अभी से तैयारी में जुट गई हैं। आज वह बिजनौर में किसान महासभा को संबोधित किया और मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। बिजनौर में किसान महासभा में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शहर में महासभा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जानिए प्रियंका गांधी के इस



दौरे का पल पल का अपडेट. .. कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को बिजनौर में किसान महासभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला और पूछा मोदी सरकार में क्या किसानों की आय दोगुनी हुई? प्रियंका ने कहा माना आपने भलाई के लिए कानून बनाए हैं, पर जब वो नहीं चाहते तो कानूनों को वापस लो। उन्होंने कहा, क्या मोदी सरकार जबरदस्ती किसानों की भलाई करेगी। मैं भाषण देने नहीं आई हूं, आपसे बातचीत करने आई हूं। उन्होंने किसानों से कहा आप हमें बनाते हैं। आप और हमारे बीच भरोसे का रिश्ता है और उसी रिश्ते के बल पर आप एक नेता को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा आपको इस बात की उम्मीद होती है कि वो नेता आपकी समस्याओं को उठाएगा और आपकी बात की सुनवाई होगी। उन्होंने किसानों से बात करते हुए।

### पुरी पीठ के शंकराचार्य ने कहा...

## मठ–मंदिरों की सुरक्षा का दायित्व निभाएं सीएम योगी

प्रयागराज,(एजेंसी)। पुरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने मठ–मंदिरों की संपत्ति पर पुराने न्यासियों या अराजक तत्वों द्वारा कब्जा करने की प्रवृत्ति को लेकर चिंता प्रकट की है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मुद्दे पर ध्यान देने की मांग की। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश में मठ–मंदिरों का उद्धार हो सकता है क्योंकि यहां एक योगी, बचपन से संन्यासी और नाथ संप्रदाय के मूर्धन्य प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और उनका यह दायित्व है कि वह इस पर ध्यान दें।'' यहां माघ मेले में अपने शिविर में पीटीआई–से बातचीत में उन्होंने कहा, ''गोशालाओं का संचालन, संस्कृत विद्यालयों का संचालन, गोवंश का संरक्षण इन मठ–मंदिरों और संतों द्वारा ही किया जा रहा है।'' मठ–मंदिरों की दयनीय स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''मठ–मंदिरों की संपत्ति पर पुराने न्यासियों या अराजक तत्वों के कब्जा करने की प्रवृत्ति देखी गई है। लेकिन अगर कोई महंत कथावाचक नहीं है, राजनीतिक व्यक्तियों से गठबंधन नहीं है, व्यापारियों से गठबंधन नहीं है तो ऐसे मठ के साधु–संत मठ चला सकें, ठाकुर जी को भोग लगा सकें यही बहुत है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे मठ–मंदिर सनातन धर्मियों के दुर्ग हैं।

## प्रभारी निरीक्षक सेवरही के विरुद्ध छात्र नेताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमिट रेखा – शैलेश कुमार बंटी

सेवरही – कुशीनगर। जनपद के सेवरही थाना प्रभारी के तानाशाही रवैए के खिलाफ निलंबन की मांग को लेकर भाजपा नेता मानसिंह चौहान व संजय राय पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष किसान पीजी कॉलेज सेवरही के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने उपजिलाधिकारी तमकुही ए०आर० फारुकी को दिया ज्ञापन।दिए गए ज्ञापन में छात्र नेताओं ने आरोप लगाया है कि प्रभारी निरीक्षक व सेवरही थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा अवैध रूप से वसूली किया जाना दिनचर्या का हिस्सा बन गया है।जो जांच का हिस्सा है। सरकार की छवि धुमिल करने वाले ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाना जनहित में अति आवश्यक है। बताते चलें कि दिनांक 14 – 02 – 2021 को छात्र नेता अशोक सिंह प्रभारी निरीक्षक सेवरही से मिलकर अपने भतीजे नीरज सिंह के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किए। गुस्साए थाना प्रभारी सेवरही छात्र नेता अशोक सिंह को मारपीट कर घायल कर दिए तथा फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। प्रभारी निरीक्षक के उक्त कृत्य से आहत छात्र नेताओं ने भाजपा नेता मानसिंह चौहान व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष किसान पीजी कॉलेज सेवरही के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी तमकुही को ज्ञापन सौंपा एवं मांग किया गया कि यथासिघ्र प्रभारी निरीक्षक सेवरही के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कराकर निलंबन की कार्यवाही किया जाय। अन्यथा की दृष्टि में ब्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन करने के लिए छात्र सड़कों पर उतरने के लिए वाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी।





## विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद का कुमारगंज में हुआ भव्य स्वागत

अमिट रेखा अजय कुमार

मिल्कीपुर, अयोध्या। समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद का अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के श्री शिव स्मारक इंटर कॉलेज अकमा कार्यक्रम में जा रहे थे कस्बा कुमारगंज के खंडासा मोड़ पर नगर पंचायत कुमारगंज के भावी प्रत्याशी भगवती सिंह के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा एमएलसी जगजीवन प्रसाद का भब्य स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर श्री शिव स्मारक इंटर कॉलेज अकमा प्रांगण आयोजित कार्यक्रम में जगजीवन प्रसाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है और प्रदेश में विकास का अनेको कार्य भी किया है उन्होंने अपने सम्बोधन में कहां की आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाकर प्रदेश में अपनी सरकार बनाने का काम सपा कार्यकर्ता करें। इस मौके पर भगवती प्रसाद सिंह ,संतोष सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, राजन सिंह, जग विजय सिंह, बब्लेश सिंह, मुन्ना सिंह, मृत्युंजय सिंह, कन्हैया बक्श सिंह, विजय पाल सिंह, हरिहर सिंह, लल्लन पांडे सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



## जातिगत भावना से ऊपर उठकर मानवता का मिशाल पेश किये युवा समाज सेवी:विवेक जायसवाल उर्फ बब्लू

अमिट रेखा – हरेन्द्र पाल

गुरवलिया बाजार – कुशीनगर। जनपद के बारवापट्टी थाना क्षेत्र के दशहवां निवासी फिरोज अंसारी के छोटे भाई विगत दिनों पहले पेड़ से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया जिसका इलाज गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में चल रहा था स्थति में कोई सुधार न देखकर गाँव के युवा समाज सेवी विवेक जायसवाल उर्फ बब्लू के नेतृत्व में गाँव के अनिरुद्ध यादव, असलम अंसारी, दिलीप सैनी आदि युवाओं ने जाति, धर्म, मजहब से ऊपर उठकर घायल ब्यक्ति को अपने निजी खर्च से दिल्ली के हास्पिटल में इलाज करा रहे हैं इस नेक कार्य करने के लिए ये युवा समाज क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं और क्षेत्र के लोग इन युवा समाज को आभार व्यक्त किया है वहीं सीतापुर नेत्र एवं दंत चिकित्सालय गुरवलिया बाजार के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ आशुतोष जायसवाल ने कहा कि जाति, धर्म,मजहब से ऊपर उठकर गरीब, असहाय, पीड़ितों की सेवा करना ही नेक कार्य है डॉ जायसवाल ने इस नेक कार्य करने के लिए युवा समाज को आभार व्यक्त करते हुए सहायता राशि प्रदान की इस दौरान डॉ शेषनाथ गुप्ता, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पी. के. जायसवाल, डॉ गणेश पांडेय, पूर्व प्रधान सत्यनारायण गुप्ता, पूर्व प्रधान जयंत शाही, कौमी एकता गर्ल्स इंटर कॉलेज गुरवलिया के प्रधनाचार्य नियामत अली, कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद खरवार आदि लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की।



## पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेन्दा अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में फरेन्दा कस्बे में किया दंगा नियंत्रण रिहर्सल

सुनील कुमार पांडेय

अमिट रेखा ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जिले के फरेंदा कोतवाली क्षेत्र में रविवार को पुलिस द्वारा दंगा नियंत्रण रिहर्सल किया गया। इस अभियान में पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अशोक कुमार मिश्र की मौजूदगी में गिरजेश उपाध्याय थाना प्रभारी फरेंदा सहित थाना बृजमनगंज , कोल्हुई व पुरंदरपुर की पुलिस भी मौजूद रही। दंगा नियंत्रण रिहर्सल शुरू करने से पूर्व कोतवाली फरेंदा परिसर में जैकेट, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर सहित लाठी व डंडों से लैस पुलिसकर्मियों को पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा के नेतृत्व में सभी थानों की गाड़ियों सहित फायर ब्रिगेड गाड़ी के साथ शहर के दर्जनों चौराहों से होते हुए पुलिस बल वापस फरेंदा थाना पर पहुंची। इस दौरान शहर के अनेकों ड्यूटी स्थल पॉइंट पर लाठी–डंडे व हथियारों से लैस पुलिस देखी गई। अचानक पुलिस बल के साथ फर्राटा भर रही गाड़ियों को देख लोग सकते में नजर आए। इस दौरान पुलिस टीम ने आपातकालीन स्थिति से निपटने का जमकर अभ्यास किया। इस संबंध में सीओ फरेंदा ने बताया त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर यह रिहर्सल किया गया है। उन्होंने कहा इस शहर को सेक्टरों में बांटकर ड्यूटी स्थल का पॉइंट चिन्हित किया गया है आपातकाल में स्थिति से निपटने के लिए सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी स्थलों से अवगत कराया गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर हर समस्या से निपटने के लिए हमारी पुलिस तैयार रहे।



## कैंडल मार्च निकाल पुलवामा के वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि,गूंजा भारत माता की जय का उद्घोष

अमिट रेखा ब्यूरो अयोध्या। तहसील बीकापुर के रामपुर भगन में सरस्वती कोचिंग सेंटर के प्रबंधक आशुतोष सिंह शानू के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज रणजीत यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों देश प्रेमियों ने कैंडल मार्च निकालकर पुलवामा हमले में शहीद हुए मां भारती के सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च बाबा भगनराय से जय हिंद,भारत माता की जय,शहीद बीर जवान अमर रहें जैसे नारों से जानकी मन्दिर तक नमन करते देश की रक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर जवानों और उनके परिवारों के प्रति यह देश हमेशा ऋणी रहेगा जैसी आवाजों से अखण्ड भारत का जोश भरता रहा। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि शब्द सुमन में अपनी कार्यशैली में शुमार चौकी इंचार्ज रामपुर भगन रणजीत यादव ने कहा कि पुलवामा में दो वर्ष पूर्व आज ही के दिन कुछ नापाक षड्यंत्रों की वजह से माँ भारती की सुरक्षा में सतत् चालीस देश के सपूत एक धमाके में शहीद हो गए थे,प्रत्युत्तर में भारतीय पराक्रम और स्वाभिमान की गूँज उन धमाकों से सौ गुनी ज्यादा तेज आवाज में षड्यंत्रकारियों के घर तक गूँजी पर इसके बावजूद देश की रक्षा में लगे उन जवानों की शहादत हर वर्ष इस दिन पर हमारी आँखें नम करती रहेंगी,देश प्रेम के सर्वाधिक पूज्य स्वरूप "देशप्रेम" की खघतिर अपना सर्वस्व लुटाने वाले कर्मवीरों को समूचे देश की तरफ से सादर प्रणाम करता हूँ। कैंडल मार्च में सतीश सिंह,अंकित कसौधन, विशाल,सत्यम,आशीष सिंह,उत्तम,कपूरचंद, गौरवनाथ सिंह,बलवंत सिंह,मंजीत,राजेंद्र प्रसाद,सोनू,विनोद सिंह,संतोष, संदीप, शिवम सहित सैकड़ों लोगों ने वीर सपूत अमर शहरों को श्रद्धांजलि दी।





## बृजमनगंज शहीद स्मारक पर शहीदो की सहादत में कैंडल जलाकर नम आंखो से दी गई श्रद्धांजलि

अमिट रेखा महराजगंज। जनपद महराजगंज नगर पंचायत बृजमनगंज शिवालय पोखरे पर स्थित शहीद स्मारक पर रविवार शाम 6 बजे ब्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल एवं पत्रकार जनप्रतिनिधि, नौजवान साथियों ने पुलवामा जम्मूकश्मीर में आतंकी हमले में शहीद 40 सैनिकों की शहादत को याद करते हुए कैंडल जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया गया । क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने उत्साह दिखाया हाथ में कैंडल तख्ती पोस्टर लेकर मार्च कर नारा लगाते हुए रैली निकाली। नौजवान साथियों के हुंकार से पूरा कस्बा गूंज रहा था। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि दिलीप चौधरी ने कहा कि ।ब्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल ने ब्यापारी बंधुओ एवं पत्रकार साथियों को देश के प्रति समर्पण की भावनाओं के साथ सम्मानित करने का कार्य किया ।कार्यक्रम में मुख्य राष्ट्रीय जनहित कामगार कर्मचारी महासंघ के विधानसभा उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी जगदंबा जायसवाल ने नारा लगाते हुए कहा कि वीर शहीदो का बलिदान याद करेगा हिंदुस्तान ।भारत माता की जय के नारो से गुंज उठा नगर पंचायत। प्रमोद गौड, जयसिंह, रवि यादव, सौरभ जायसवाल, गौरव जायसवाल, वेदपुरी, अमित जायसवाल, आशीष जायसवाल, रितेश जायसवाल, मुनीर आलम धीरज जायसवाल , मनोज त्रिपाठी, सहित पूर्व प्रधान प्रतिनिधि गणेश जायसवाल पूर्व प्रधान दिनेश कुमार,भाजपा नेता राकेश जायसवाल के साथ सैकड़ों नौजवान साथी सम्मिलित रहे।



## मोटर साईकल से जा रहे दम्पत्ति का आभूषण और कपड़ो से भरा बैग रास्ते में गिर गया

अमिट रेखा अयोध्या। मायका भीटी से ससुराल नंदरौली बीकापुर जा रही महिला का लापता हुए बैग को जनपद–अयोध्या के थाना–तारुन के चौकी प्रभारी रामपुरभगन रणजीत यादव मय हमराह सिपाही प्रभाकर व मोहित सिंह ने सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए बैग खोजकर वापस किया। महिला ने बताया कि बैग में किमती चौन ,पायल, साडी आदि समान था ।महिला ने अपना नाम गुड़िया पत्नी निखिल निवासिनी नंदरौली थाना बीकापुर अयोध्या बताया। महिला ने थाना तारुन की पुलिस को धन्यवाद कहा। यही नहीं क्षेत्र के व्यापार मंडल के अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा डॉ दिनेश तिवारी केशवराम बर्मा दीप कुमार गुप्ता भाजपा नेता विजय बहादुर तिवारी राम तीरथ कसौधन संदीप ऑटो मिस्त्री सहित क्षेत्र के विभिन्न लोगों ने तारुन चौकी इंचार्ज की प्रशंसा की है।



## पुलवामा हमले में शहीद पंकज त्रिपाठी के दुसरे पुण्यतिथि पर आज , श्रद्धांजलि देने पहुंचे डीएम व एसपी

अमिट रेखा ब्यूरो महराजगंज। महराजगंज जब एक वीर जवान अपने देश की अस्मिता की रक्षा करते हुए अपनी जान की आहुति दे देता है तो मर कर भी अमर हो जाता हैं और हमेशा के लिए लोगो के दिल मे बस जाता है उसकी शौर्य गाथाये इतिहास के पन्नो में दर्ज हो जाती है । हम बात कर रहे है दो वर्ष पूर्व पुलवामा हमले में शहीद हुए पंकज त्रिपाठी के बारे में जिसके परिजन अपने बेटे के शहीद होने पर उन्हें गर्व है और हमेशा पाकिस्तान और चीन से बदला लेने के लिए तैयार बैठे है । शहीद पंकज के पिता का कहना है कि उनका एक बेटा तो देश के लिए शहीद हो गया लेकिन दूसरे बेटे को भी सेना में भेजेने के लिए तैयार है वही शहीद पंकज का छोटा भाई अपने भाई की तरह सेना में जाने की तैयारी कर रह है। यूपी के महराजगंज जिले के फरेंदा क्षेत्र के हरपुर बेलहिया निवासी पंकज त्रिपाठी भी पुलवामा हमले में शहीद हो गए थे । पंकज सीआरपीएफ में चालक के पद पर तैनात थे वर्ष 2016 में पंकज को प्रतीक के रूप में पुत्र की प्राप्ति हुई थी पंकज अपने पीछे प्रतीक के रूप में एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए है । शहीद पंकज त्रिपाठी की पत्नी रोहिणी को सरकार द्वारा उनके पति के शहीद के बाद सरकारी नौकरी भी मिल गई है । उनकी पत्नी का कहना है कि आज उनके पति उनके बीच नही है लेकिन देश के लिए अपनी जान देने वाले अपने पति पर गर्व है और अपने बेटे को भी सेना में भेजना चाहती है शहीद पंकज के पिता ओमप्रकाश त्रिपाठी के अंदर पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा साफ दिख रहा है बात करते करते उनके आंखों में आँसू आ जा रहे थे । शहीद पंकज के पिता अपने बेटे की शहादत पर गर्व करते हैं उनका कहना है कि वह अपने दूसरे बेटे को भी देश की सेवा के लिए सेना में भेजने की तैयारी कर रहे हैं आए दिन पाकिस्तान और चीन की नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही वहीं देश की सेवा के लिए युवाओं का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को देश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए । शहीद पंकज का भाई सुभम भी अपने भाई की तरह सेना में जाने की तैयारी कर रहा है और मौका मिला तो पाकिस्तान का मुंह तोड़ जवाब देगा । शहीद पंकज त्रिपाठी की दूसरी पुण्यतिथि पर उनके गांव हरपुर में स्थापित शहीद पंकज त्रिपाठी के शहीद स्मारक पर जिला प्रशासन द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । जिसमें शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई और उनके बलिदान को याद किया गया । इस दौरान शहीद पंकज त्रिपाठी के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें आगे आकर देश की सेवा में लगना चाहिए ।



## मान्यता प्राप्त की तरह गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी सुविधाएं दे सरकार:एडवोकेट जेपी गुप्ता

अमिट रेखा ब्यूरो गोरखपुर। गोरखपुर पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के रेलवे स्टेशन स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में जिला इकाई की बैठक हुई। जिसमें संगठन की मजबूती व एकजुटता का संकल्प लेने के साथ ही संगठन विस्तार व सदस्या के सामुहिक बीमा कवर देने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक एडवोकेट जेपी गुप्ता ने कहा कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। लेकिन सरकार की तरफ से पत्रकारों के लिए कोई भी व्यवस्था नही की जाती है। ऐसे में हम पत्रकारों को संगठित होकर अपने हक की आवाज को बुलंद करना होगा। अगर सरकार पत्रकारों कुछ सुविधा दे भी रही है, तो उनमें भी मान्यता और गैर मान्यता का विभेद कर रही। उन्होने सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ही गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी सुविधाएं देने की मांग किया। और जिला मुख्यालयों के साथ ही तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर प्रेस क्लब अथवा जन संवाद केंद्र बनाने की मांग किया। जिससे किसी पीड़ित, शोषित की आवाज को कोई दबा ना सके प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम कसौधन ने सदस्यों से सक्रिय रहते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील किया। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद पांडेय व जिला मंत्री जेपी कुशवाहा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। और वर्ष 2021 के लिए संगठन का एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में सदस्यों की सक्रियता व निष्क्रियता को लेकर चर्चा हुई। तथा कई बैठकों में नही आने वालों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्णय हुआ। बैठक में अमर उजाला के पत्रकार वेद प्रकाश यादव को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। तथा जिला महामंत्री सुनिल सिंह की अस्वस्थता के कारण जिला मंत्री जेपी कुशवाहा को पदोन्नती देकर जिला महामंत्री बनाया गया।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य रामसजीव उर्फ रिंकू मिश्र, अनुशासन समिति के सदस्य अखिलेश तिवारी व राजकुमार यादव, चौरीचौरा तहसील अध्यक्ष उमाशंकर शुक्ल, गोला के संयोजक राजेश पांडेय व अध्यक्ष राकेश कुमार यादव, बांसगांव के अध्यक्ष कृपाशंकर राय, रामसुमेर पांडेय व वेद प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।



## विशुनपुरा ब्लॉक के ग्राम बाजु पट्टी ग्राम सभा में इंन्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य हुआ सुरु

अमित रेखा – राज बरनवाल

जटहा बाजार – कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के व्लाक विशुनपुरा क्षेत्र के ग्राम बाजुपट्टी में इन्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ जिसमें ग्रामीण में खुशी की लहर दौड़ पड़ी कुछ ग्रामीणों का कहना है कि हमें आने जाने में पहले बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था लेकिन अब हमे कोई परेशानी नहीं होगी व सड़क निर्माण से हमारे गॉव में आने जाने वाले राहगीरों को सुविधा मिलेगी जिसमें उपस्थित ग्रामीण पूर्व ग्राम प्रधान प्रभु यादव ,रामग्यान यादव , सत्येन्द्र कुमार राय, सत्रुधन यादव , हिंमान्शु आदि उपस्थित रहे।

## प्रा०स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

### – देवरिया सीएमओ ने किया नया प्रा0स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मेले कि जाच

अमिट रेखा तरकुलवा देवरिया। देवरिया के तरकुलवा ब्लाक में सभी नया प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्रो कंचनपुर बेलही तरकुलवा महुआ बजराटार, पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जा रहा हैं, जिसमे , सामान्य बीमारियाँ, टीकाकरण,,आयुष्मान कार्ड,,कुष्ठरोग, क्षयरोग,शुगर जांच,खून जांच ,पिशाब जांच,कोविद जांच,सभी प्रकार की सुविधाये जनता को दी जा रही है ,आज दिनांक 14,2,21 को अधीक्षक डाक्टर अमित कुमार और हेल्थसुपरवाइजर मुन्ना यादव द्वारा सभी जगह मेले का निरीक्षण किया गया,,दोपहर 2 बजे तक कुल 247 मरीज देखे जा चुके थे मेले में उपस्थित डाक्टर राकेश सिंह,, डाक्टर विनोद चौधरी,रामु मिश्रा फार्मासिस्ट ,,हरिचंद्र फार्मासिस्ट,,प्रदीप शुक्ला फार्मासिस्ट,,गौरव राव, संगीता एएनएम, चंद्रकला एएनएम,, वंदना यादव एएनएम आदि लोग उपस्थित रहे इसी बीच तरकुलवा ब्लाक के सभी नया प्रा0स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला की जांच कराने आए देवरिया सीएमओ डॉ 0 आलोक कुमार पाण्डेय ने तरकुलवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरकुलवा के अधीक्षक डॉ 0 अमित कुमार के साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय........

# इ-व्हीकल्स से रुकेगा प्रदूषण

हाल ही में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स इन इंडिया (फेम इंडिया) स्कीम के दूसरे फेज से जुड़ी कुछ अहम घोषणाएं की हैं. इस योजना को लागू करने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है. दरअसल, इस स्कीम को दो वर्ष पूर्व मार्च, 2019 में शुरू किया गया था. इसके तहत 15 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियों को लांच करने की योजना तैयार की गयी थी. लेकिन, कुछ कारणों के चलते इस योजना पर काम नहीं हो सका. योजना के मुताबिक, अब तक देश में 7 से 7.5 लाख इलेक्ट्रिक गाड़ियां लॉन्च हो जानी चाहिए थीं, जबकि मात्र 50,000 ही ऐसी गाड़ियां ही लायी जा सकी हैं. नये बजट में एक बार फिर इस योजना को बढ़ावा देने की बात दोहराई गयी है. वर्तमान आवश्यकताओं और आधारभूत ढांचे के मद्देनजर इसमें कुछ परिवर्तन भी प्रस्तावित हैं. वर्तमान में इन वाहनों की खरीद पर प्रति किलोवॉट 10 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है. हालांकि, इसे देखते हुए यह सीमा और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है. मार्केट में 70 से 80 हजार कीमत के इलेक्ट्रिक व्हीकल उपलब्ध हैं, इनको प्रमोट करने के लिए सरकार को नये प्रावधान लाने चाहिए. पब्लिक सेक्टर के बैंक भी सस्ते दर में लोन देकर ग्राहकों के बीच इनकी बिक्री को बढ़ावा दे सकते हैं. इन वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने और इसे आमजन के लिए सुलभ बनाने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है. दूसरी कमी जागरूकता के स्तर पर है. इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान चलाने की जरूरत है, ताकि वाहनों से होनेवाले प्रदूषण की गंभीर चुनौती से निपटने की एक सार्थक शुरुआत हो सके. साथ ही लोगों को जागरूक किया जाये, जिससे आनेवाले दिनों में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों के फायदे एवं उसके भविष्य को लेकर आश्वस्त हो सकें. दिल्ली सरकार की ओर से इस दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाये भी गये हैं. इलेक्ट्रिक गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन में ग्रीन प्लेट दी जाती है. यदि कोई ग्राहक दिल्ली में ग्रीन प्लेट की गाड़ी खरीदता है, तो उसे रोड टैक्स नहीं देना होगा. इसी तरह कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी इलेक्ट्रिक व्हीकल लेने पर रोड टैक्स में छूट दी गयी है. सरकार को इन गाड़ियों के प्रमोशन का इन्फ्रॉस्ट्रक्चर बेहद सरल रखना होगा. लोगों में यह जागरूकता फैलानी होगी कि इन गाड़ियों का प्रयोग अन्य वाहनों की तरह ही आसान और सुविधाजनक है. लोगों तक इलेक्ट्रिक व्हीकल के चार्जिंग स्टेशन की जानकारी पहुंचानी होगी. आज दिल्ली में 200 से अधिक चार्जिंग स्टेशन हैं, लेकिन वहां के लोगों से पूछा जाये, तो शायद वे अपने नजदीकी चार्जिंग स्टेशन के बारे में नहीं बता पायेंगे. इसके साथ ही गाड़ियों के चार्जिंग रेट फिक्स करने होंगे. इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर इंडस्ट्री में किये जानेवाले परिवर्तनों की बात करें, तो सप्लाइ को लेकर बहुत काम करने की जरूरत है. देश में अभी इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रयोग किये जानेवाले मोटर और बैटरी सेल नहीं बनाये जाते, लेकिन ये रातों–रात होनेवाले परिवर्तन नहीं हैं. इंडस्ट्री को बदलने में अभी समय लगेगा. सरकार की ओर से इसे लेकर काम किया जा रहा है. लोगों में सुरक्षा को लेकर काफी आशंकाएं हैं, लेकिन इ–व्हीकल के दोनों सेगमेंट–सिटी स्पीड और हाइ स्पीड, अन्य वाहनों की तरह सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स (सीएमवीआर) के अंतर्गत बनाये गये सभी नियमों को पूरा करते हैं।

## आज का राशिफल

मेष :– संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। आय से ज्यादा व्यय मन को परेशान करेगा। क्षमता से अधिक संसाधनों को जुटाने हेतु मन परेशान होगा। प्रतिकूल स्थिति में घर के वातावरण को खुशहाल बनाने की चेष्ठा करें।

बृषभ :– किसी महत्वपूर्ण निर्णय के प्रति मन दुविधाग्रस्त होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। विभागीय परिवर्तनों से कुच दिक्कतें संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

मिथुन :– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा। प्रणय संबंधों में मन केंद्रित होगा। समय के साथ अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग हों। संबंधों में पद व मर्यादा का ख्याल रखें। आलस्य कतई न करें।

कर्क :– नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। परिजनों के सानिध्य व स्नेह से मन प्रसन्न होगा। महत्वकांक्षी मन आय के नये साधनों पर केंद्रित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलें।

सिंह :– परिजनों के किसी बात का बुरा न माने। नैतिक दायित्वों के प्रति लापरवाही न करें। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। संबंधों में अत्याधिक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। आलस्य कतई न करें।

कन्या :– बीती बातों का मलाल न करें। भविष्य संबंधी चिंताओं को लेकर मन परेशान होगा। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। नये आयाम उत्साहित करेंगे।

तुला :– अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। शासन–सत्ता में पकड़ मजबूत होने के साथ आय के नये साधन सुलभ होंगे। ग्रहो की अनुकूलता से बिगड़े काम पूर्ण हो जाएंगे।

वृश्चिक :– मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। परिवार में किसी महत्वपूर्ण कार्य के सार्थक होने के आसारेहैं। जीवन साथी के सहयोग से समस्याओं का हल होगा।

धनु :– विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। दूसरो की निंदा से आपके व्यक्तित्व की गरिमा घट सकती है। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

मकर :– पारिवारिक समस्याओं को हल करने में केंद्रित होंगे। जिंदगी में मिल रहे नये अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। हर मामले में हठ करना ठीक नहीं है। किसी नये संबंध के प्रति निकटता हानिकारक हो सकती है।

कुंभ :– नैतिक–अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक जगत से असंतुष्ट रहेगा। आकांक्षाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी। घरेलू समस्याओं को बाहर का तमाशा न बनने दें। किसी पुराने संबंधी से निकटता बढ़ेगी।

मीन :– मन की निराशा किसी कार्य में रुचि लेने में बाधक बनेगी। कुछ संबंधों मन घृणा की अनुभूति करेगा।

# मोबाइल से बदलता परिदृश्य

**आशुतोष चतुर्वेदी**

*साथ ही इंटरनेट की स्पीड भी एक बड़ी समस्या है. जब बैंक से लेकर पढ़ाई तक, सारा कामकाज इंटरनेट के माध्यम से होना है, तो जाहिर है कि सबको तेज गति का इंटरनेट चाहिए और निर्बाध मिलना चाहिए. इंटरनेट के साथ सोशल मीडिया के इस्तेमाल करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है. 2018 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में लगभग 32.61 करोड़ लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे थे. अनुमान है कि 2023 तक 44.8 करोड़ लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने लगेंगे. इसमें सबसे लोकप्रिय फेसबुक है. सोशल मीडिया पर आइपीएल सबसे आगे है. दुनिया की जितने भी खेलों की लीग प्रतियोगिताएं हैं, आइपीएल उसमें सबसे अधिक लाइक किया गया है.आइपीएल के कुछ फेसबुक पोस्ट पर 5.9 करोड़ लाइक तक रहे हैं।*

तकनीक ने सारा परिदृश्य बदल दिया है. तकनीक ने चुपके से कब हमारे जीवन को बदल दिया, हमें पता ही नहीं चला. अब हम सब, मौका मिलते ही मोबाइल के नये मॉडल और पैकेज की बातें करने लगते हैं. व्हाट्सएप, फेसबुक और ट्विटर तो जीवन की जरूरतों में शामिल हो गये हैं. मोबाइल फोन के बिना तो हमारा जीवन जैसे अधूरा ही है. शायद आप ने अनुभव किया हो कि यदि आप कहीं मोबाइल भूल जाएं या फिर वह किसी तकनीकी खराबी से वह बंद हो जाए, तो आप कितनी बेचौनी महसूस करते हैं. जैसे कि जीवन का कोई अहम हिस्सा अधूरा हो गया हो. सूचनाएं हों अथवा कारोबार हो या फिर मनोरंजन, मोबाइल फोन की लोगों को लत लग गयी है. भारत में मोबाइल के इस्तेमाल पर नोकिया ने हाल में एक रिपोर्ट जारी की. इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में लोग अन्य देशों की तुलना में स्मार्ट फोन पर औसतन ज्यादा समय बिताते हैं. इसके अनुसार स्मार्टफोन पर भारतीय रोजाना लगभग पांच घंटे तक व्यतीत करते हैं. यह समय दुनियाभर में सबसे ज्यादा है. भारत में स्मार्ट फोन पर वीडियो देखने का चलन खासा बढ़ा है और यह 2025 तक बढ़ कर चार गुना हो जायेगा. देश में पिछले पांच वर्षों में डेटा ट्रैफिक में लगभग 60 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है. यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है. पिछले साल देश में एक सामान्य उपयोगकर्ता का मोबाइल डेटा उपयोग चार गुना बढ़ गया. रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में घर से काम करने की जरूरत के कारण डेटा का उपयोग तेजी से बढ़ा है. डेटा उपयोग के मामले में भारत भी बड़े बाजार में शामिल हो गया है. यहां प्रति माह प्रति उपभोक्ता मोबाइल डेटा उपयोग 13.5 जीबी से अधिक हो रहा है. रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति माह प्रति उपयोगकर्ता डोटा का उपभोग साल दर साल 76 फीसदी की दर से बढ़ रहा है. इसमें 55 फीसदी डेटा अल्प अवधि की वीडियो देखने में खर्च किया जा रहा है. रिपोर्ट के अनुसार मोबाइल पर ब्राडबैंड के सबसे अधिक इस्तेमाल के मामले में फिनलैंड के बाद दूसरा स्थान भारत का है. अच्छी बात है कि डेटा का इस्तेमाल बढ़ा है, पर यह भी देखना जरूरी है



कि इसका इस्तेमाल किस में हो रहा है. लोग ऐसे वीडियो देखें, जिनसे ज्ञानवर्धन हो, तो बेहतर है. अगर यह इस्तेमाल समाज में विकृति लाए, तो यह चिंता का विषय है. देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या लगातार बढ़ रही है. सांख्यिकी वेबसाइट स्टेटिस्टा के अनुसार साल 2020 में भारत में लगभग 70 करोड़ इंटरनेट यूजर्स थे. अनुमान है कि 2025 तक यह संख्या 90 करोड़ तक जा पहुंचेगी. इसमें शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के इंटरनेट यूजर्स की संख्या में भारी वृद्धि होगी. भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट का बाजार है. दिलचस्प तथ्य यह है कि ज्यादातर लोग इंटरनेट का इस्तेमाल मोबाइल के माध्यम से करते हैं. इंटरनेट यूजर्स की इतनी बड़ी संख्या के बावजूद एक बड़ी खामी यह है कि ग्रामीण और शहरों इलाकों में इस्तेमाल करने वालों के बीच संख्या का बड़ा अंतर है. साथ ही महिला व पुरुषों और बूढ़े और जवानों के बीच भी संख्या की बड़ी खायी है. एक बड़ी समस्या कनेक्टिविटी और कॉल ड्रॉप की है. आप बिहार, झारखंड के विभिन्न शहरों में किसी को फोन मिलाने की कोशिश करें, तो कई बार कनेक्टिविटी की समस्या से आपको दो चार होना पड़ सकता है. साथ ही इंटरनेट की स्पीड भी एक बड़ी समस्या है. जब बैंक से लेकर पढ़ाई तक, सारा कामकाज इंटरनेट के माध्यम से होना है, तो जाहिर है कि सबको तेज गति का इंटरनेट चाहिए और निर्बाध मिलना चाहिए. इंटरनेट के साथ सोशल मीडिया के इस्तेमाल करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है. 2018 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत में लगभग 32.61 करोड़ लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे थे. अनुमान है कि 2023 तक 44.8 करोड़ लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने लगेंगे. इसमें सबसे लोकप्रिय फेसबुक है. सोशल मीडिया पर आइपीएल सबसे आगे है. दुनिया की जितने भी खेलों की लीग प्रतियोगिताएं हैं, आइपीएल उसमें सबसे अधिक लाइक किया गया है. आइपीएल के कुछ फेसबुक पोस्ट पर 5.9 करोड़ लाइक तक रहे हैं. ट्विटर पर तो लगभग 5.8 करोड़ लोग इसे फोलो करते हैं. दरअसल, भारत सोशल मीडिया कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार है. विभिन्न स्रोतों से मिले आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्हाट्सएप के एक अरब से अधिक सक्रिय यूजर्स हैं. इनमें से लगभग 20 करोड़ भारत में ही हैं. फेसबुक इस्तेमाल करने वाले भारतीयों की संख्या लगभग 34 करोड़ और ट्विटर अकाउंट्स की संख्या लगभग 1.75 करोड़ से ऊपर है. सोशल मीडिया की समस्या यह है कि यह अनियंत्रित होता जा रहा है. इसके माध्यम से फेक न्यूज की तो जैसे बाढ़ आ गयी है. हां, यह सूचनाओं का वैकल्पिक स्रोत भी है.नोकिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोरोना काल में शिक्षा से जुड़े एप के इस्तेमाल में 30 फीसदी तक की वृद्ध देखी गयी. दरअसल, कोरोना ने शिक्षा के चरित्र को पूरी तरह बदल दिया है. वर्चुअल कक्षाओं ने इंटरनेट को एक अहम कड़ी बना दिया है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे देश में एक बड़े तबके के पास न तो स्मार्ट फोन है, न कंप्यूटर और न ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है. नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार केवल 23.8 फीसदी भारतीय घरों में ही इंटरनेट की सुविधा है. इसमें ग्रामीण इलाके बहुत पीछे हैं. शहरी घरों में यह उपलब्धता 42 फीसदी है, जबकि ग्रामीण घरों में यह 14.9 फीसदी ही है. केवल आठ फीसदी घर ऐसे हैं, जहां कंप्यूटर और इंटरनेट दोनों की सुविधाएं है. देश में मोबाइल की उपलब्धता 78 फीसदी आंकी गयी है, पर इसमें भी शहरी और ग्रामीण इलाकों में भारी अंतर है. ग्रामीण क्षेत्रों में 57 फीसदी लोगों के पास ही मोबाइल है. कुछ वर्ष पहले मुझे बीबीसी के लंदन के मीडिया लीडरशिप इवेंट में हिस्सा लेने का मौका मिला. इसमें बदलते तकनीकी परिदृश्य पर विस्तार से चर्चा हुई. तकनीक को लेकर तो मीडिया के क्षेत्र में भी खूब प्रयोग हुए हैं. वोइस से टेक्स्ट जैसे कई सॉफ्टवेयर भी विकसित कर लिये गये हैं. लोग अखबार तो पढ़ ही रहे हैं, साथ ही वे वेबसाइट और अन्य नये माध्यमों के जरिये भी खबरें प्राप्त कर रहे हैं. इस दौरान एक दिलचस्प तथ्य भी सामने आया कि यूरोप में मोबाइल इस्तेमाल करने वाले औसतन दिन में 2617 बार अपने फोन स्क्रीन को छूते हैं. कोरोना काल में निश्चित रूप से इस औसत में और वृद्ध हुई होगी. मुझे लगता है कि भारत भी इस मामले में बहुत पीछे नहीं होगा. आज लगभग 70 करोड़ भारतीय इंटरनेट यूजर्स हैं. तकनीक ने हमें भी दुनिया से इतना जोड़ दिया है कि अब हम भी इन बदलावों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते हैं.

# तीनों कृषि कानूनों को वापस लें

**सीताराम येचुरी**

संसद के संयुक्त सत्र के लिए राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए डेढ़ घंटे लंबे भाषण में राष्ट्रपति नरेंद्र मोदी ने अपना और अपनी सरकार का अधिकांश समय राष्ट्रपति के अभिभाषण पर टिकाने में बिताया। तथ्य यह है कि यह अभिभाषण केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा तैयार किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता पीएम करते हैं और राष्ट्रपति उसे पढ़ते हैं। यह दावा करते हुए कि दुनिया उस तरीके की सराहना कर रही है जिसमें भारत ने महामारी को संभाला, मोदी ने इस बात पर आलोचनात्मक रुख अपनाने से इंकार कर दिया कि कैसे उनकी सरकार ने अपने अचानक, अनियोजित, राष्ट्रीय बंद के कारण कोविद महामारी के दुखों को बढ़ाया। इसने बेरोजगारी के साथ पहले से ही डूबती भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से नष्ट कर दिया। भारत में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कोविद मामले हैं जिनमें डेढ़ लाख से अधिक लोग मारे गए हैं। लाखों प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा का एक भी संदर्भ उनके भाषण में नहीं था। हमारे किसानों के संघर्ष के बारे में बोलते हुए, उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के पिछले छह वर्षों के दौरान भारतीय कृषि और किसानों को काफी लाभ दिया गया। उन्होंने इस संघर्ष में 200 से अधिक किसानों के जीवन के नुकसान पर किसी भी पश्चाताप को व्यक्त करने से इंकार कर दिया। इसके विपरीत, उन्होंने प्रदर्शनकारियों को बराबर के जीव, परजीवियों के रूप में वर्गीकृत किया। आजाद भारत आंदोलन की ही पैदाइश है। इस स्वतंत्रता संग्राम में लाखों लोग शहीद हुए हैं। लेकिन देश की आजादी और आधुनिक भारत के विकास के लिए आरएसएस व भाजपा परिवार से किसी को भी अपने जीवन का बलिदान करने के लिए नहीं गिना जा सकता है। यह एक अच्छी तरह से स्थापित तथ्य है कि आरएसएस राष्ट्रीय आंदोलन से दूर रहा, कई बार अंग्रेजों के साथ सहयोग करता रहा। दो प्रकार के विरोध प्रदर्शन होते हैं। एक विरोध और संघर्ष जिसने भारत को बेहतर बनाया, जिसमें लोगों का जीवन और उनकी आजीविका शामिल है। इस तरह के सकारात्मक संघर्ष आज भी भारतीय संविधान के संरक्षण में पल रहे हैं और हमारी संवैधानिक व्यवस्था और संस्थानों को नष्ट करने के सरकार के प्रयासों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की दूसरी श्रेणी वे हैं जो नफरत और हिंसा फैलाने और हमारे समाज को अस्थिर करने के लिए हमारे लोगों को विभाजित करने के लिए मुद्दों को उठाते हैं। उदाहरण के लिए, 1990 के दशक में भाजपा की रथयात्रा ने रक्तपात और सांप्रदायिक दंगों को जन्म दिया, जिनमें हजारों लोगों ने अपनी जान गंवा दी। यह अंततः बाबरी मस्जिद के विध्वंस का कारण बना, जो भारत की धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक नींव पर एक काला धब्बा था। दशकों से चले आ रहे विभिन्न सांप्रदायिक दंगों में न्यायिक जांच समितियों की हर एक रिपोर्ट में भयावह दंगों और जानमाल के नुकसान के लिए सांप्रदायिक घृणा भड़काने में आरएसएस की भूमिका पर उंगली उठाई गई है। देश के लोगों को इससे सावधान रहना चाहिए। लाखों किसान, श्रमिक, मेहनतकश, छात्र, युवा, महिलाएं, दलित, आदिवासी वर्तमान सरकार के तहत देश में फैले अपने संवैधानिक–गारंटीकृत अधिकारों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ आज संघर्ष की राह पर हैं। भाजपा सरकार का यह जवाब है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को और तेज किया जाए, लोगों को बांटा जाए, उन पर मुकदमा चलाया जाए और मानवाधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता कार्यकर्ताओं को बांटा जाए। लोकतंत्र तेजी से लोगों के अधिकारों के विनाश और फासीवादी असहिष्णुता और हिंसा के प्रदर्शन में बदल रहा है। यह वह है जो संघर्षों की लहरों पर सवार होता है, जो हमारे संविधान, लोकतंत्र और लोगों के अधिकारों को नष्ट करना चाहता है और सत्ता को ग्रहण करता है जो देश और लोगों के अधिकारों की रक्षा कर रहे हैं। यह ऐसे लोग हैं जिनसे देश और लोगों को सावधान रहना है। मोदी ने दावा किया कि पिछले छह वर्षों के दौरान उनके नेतृत्व में भारतीय कृषि और हमारे किसानों द्वारा अभूतपूर्व लाभ उठाया गया है। स्वर्गीय चरण सिंह का हवाला देते हुए, पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए पर्याप्त उपाय किए हैं, जिनके बारे में चरण सिंह ने लगभग 51 प्रतिशत किसान होने का अनुमान लगाया था (जो मोदी का दावा है कि अब यह 70 प्रतिशत से अधिक हो गया है) का है। उनका दावा है कि उनकी नीतियों ने इस धारा को लक्षित किया है और उनके जीवन को बेहतर बनाया है। ग्रामीण भारत के इस वर्ग के जीवन में सुधार करना ठीक है कि ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की मांग वामपंथियों ने की थी और अंत में इसे यूपीए सरकार ने लागू किया था। एक ऐसी योजना जिसका मोदी ने विरोध किया और पिछले छह वर्षों के दौरान इसे व्यवस्थित रूप से बंद कर दिया। इन छह वर्षों के दौरान, किसानों की आत्महत्या बेरोकटोक जारी रही। यहां तक कि सबसे समृद्ध राज्य में जो हरित क्रांति से प्राप्त हुआ – पंजाब – एनएसएस के आंकड़ों के मुताबिक, एक फार्म हाउस की औसत मासिक आय 18,059 रुपये थी, जो कि प्रति व्यक्ति 3,450 रुपये थी। हरियाणा के लिए यह आंकड़ा 14,434 रुपये है। ऐतिहासिक किसान संघर्ष में हमने जो देखा है, वह यह है कि इन तीनों कृषि कानूनों के विरोध में पूरा किसान एकजुट हो गया है। मौलिक मांग यह है कि उन्हें खत्म कर दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे भी कृषि सुधार चाहते थे लेकिन अब वे विरोध कर रहे हैं क्योंकि उनकी सरकार ने उन्हें लाया है। सत्य से दूर कुछ भी नहीं हो सकता। हां, अधिकांश दलों ने कृषि सुधारों की मांग की है। लेकिन, किस प्रकार के सुधार? माकपा ने भारतीय कृषि को मजबूत करने, देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसानों को सस्ती कीमत पर भोजन उपलब्ध कराते हुए किसानों को एक मूल्य देने के लिए सुधारों की मांग की थी। ये कृषि कानून, इसके विपरीत, भारतीय कृषि को नष्ट करते हैं, हमारे किसानों को कॉर्पोरेट की दया पर रखते हैं, और खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालते हैं। यही कारण है कि इन तीन कृषि कानूनों का हमने विरोध किया। प्रधानमंत्री को अपनी जिद छोड़ देनी चाहिए। देशहित में उन्हें तीनों कृषि कानून वापस ले लेने चाहिए।




# अपने रिलेशनशिप को लेकर अनन्या पांडे ने बोली ये बड़ी बात, एक्स ब्वॉयफ्रेंड पर भी दी प्रतिक्रिया



हर जगह प्रेमी जोड़े वेलेंटाइन डे के रंग में रंगने नजर आ रहे हैं। आम से लेकर खास तक हर कोई अपने प्यार का अलग और खास अंदाज में इजहार कर रहा है। फिल्मी सितारे भी वेलेंटाइन डे के रंग में रंगे दिखाई दे रहे हैं। हर जगह प्रेमी जोड़े वेलेंटाइन डे के रंग में रंगने नजर आ रहे हैं। आम से लेकर खास तक, हर कोई अपने प्यार का अलग और खास अंदाज में इजहार कर रहा है। फिल्मी सितारे भी वेलेंटाइन डे के रंग में रंगे दिखाई दे रहे हैं। वहीं कई सितारे अपनी लव लाइफ को लेकर भी खास खुलासे कर रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने भी अपनी लव लाइफ को लेकर बड़ी बात बोली है। अंग्रेजी वेबसाइट हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के अनुसार वेलेंटाइन डे के मौके पर अनन्या पांडे ने अपनी एक डेटिंग एप बनाई है। इस खास मौके पर उन्होंने अपनी लव लाइफ को लेकर बात की। बातचीत में अनन्या पांडे ने अपने एक्स ब्वॉयफ्रेंड के बारे में भी जिक्र किया। साथ ही अभिनेत्री ने कहा, श्मेरी वर्तमान समय में रिलेशनशिप स्टेटस श्हम सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।श हालांकि अनन्या पांडे ने यह भी कहा है कि बॉलीवुड में इस तरह से कहने का तरीका है। उनसे जब उनके पिछले रिलेशनशिप के बारे में सवाल किए गए थे वह इसका जवाब देने से बचती नजर आईं। इस दौरान अनन्या पांडे ने अपने एक ब्रेकअप को लेकर भी बात की। अनन्या पांडे ने कहा, श्मुझे एक श्एक्स बॉक्सश पसंद है। मुझे कार्ड जलाना बुरा लगता है। मेरी फिल्म टिकट और यादें बॉक्स में हैं।श अनन्या पांडे ने उन लोगों को भी सलाह दी है जो ब्रेकअप के बाद खुद को अकेला समझते हैं। उन्होंने कहा, श्मुझे लगता है कि ब्रेकअप होने के बाद यह खत्म नहीं होता है बल्कि एक नई शुरुआत होती है।श इसके अलावा अनन्या पांडे ने अपनी फिल्मों को लेकर भी ढेर सारी बातें कीं। बात करें अनन्या पांडे के वर्कफ्रंट की तो वह जल्द 'लाइगर'में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म 'लाइगर'का निर्देशन करण जौहर कर रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ा पहला पोस्टर रिलीज हुआ है। इस पोस्टर में विजय देवरकोंडा अपने अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म 'लाइगर' को 9 सिंतबर 2021 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म को 5 भाषा हिन्दी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। खास बात यह है कि अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी पहली पैन इंडिया फिल्म 'लाइगर' को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही थी।

# रश्मि देसाई का हर अंदाज आता है फैन्स को पसंद



13 फरवरी को खूबसूरत अदाकारा रश्मि देसाई का जन्मदिन होता है। रश्मि देसाई उन चुनिंदा एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो जितनी बोल्ड हैं, उतनी ही क्यूट भी। जन्मदिन के खास मौके पर आज हम आपको दिखाते हैं रश्मि देसाई की चुनिंदा बेहतरीन तस्वीरें। बता दें कि रश्मि की शादी उनके को–स्टार नंदीश संधू से हुई थी। लेकिन दोनों की शादी लंबी नहीं चल पाई और दोनों ने कुछ वक्त के बाद तलाक ले लिया।नंदीश के बाद रश्मि की जिंदगी में अरहान खान आए, लेकिन उन दोनो का भी रिश्ता लंबा नहीं चल सका और अरहान के बारे में बिग बॉस में कई खुलासे हुए। जिसके बाद रश्मि ने अरहान से भी दूरी बना ली।गौरतलब है कि रश्मि देसाई के इंस्टाग्राम पर कुल 4.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं रश्मि ने अभी तक कुल 2190 पोस्ट किए हैं। इसके साथ ही रश्मि खुद 463 लोगों को फॉलो करती हैं। अक्सर रश्मि की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं।

# सलमान ने की घोषणा, बिग बॉस 14 के बाद करेंगे शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' में काम

फिल्म अभिनेता सलमान खान इसके पहले शाहरुख खान की फिल्म कुछ कुछ होता है में भी नजर आ चुके हैंस वहीं शाहरूख खान ने सलमान खान की फिल्म ट्यूबलाइट और हर



दिल जो प्यार करेगा में भी कैमियो किया था। फिल्म अभिनेता सलमान खान ने बताया है कि वह जल्द शाहरुख खान की फिल्म श्पठानश में काम करते नजर आएंगेस हालांकि इसके पहले व रियलिटी शो बिग बॉस 14 की शूटिंग पूरी करेंगेस श्पठानश का निर्देशन श्वारश फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैंस इस फिल्म में शाहरुख खान की अहम भूमिका हैस यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर फिल्म हैस शाहरुख खान 2018 में आई फिल्म श्जीरोश के बाद इस फिल्म में काम कर रहे हैंस जीरो एक फ्लॉप फिल्म थीस अब फिल्म पठान में सलमान खान भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगेस शाहरुख खान की फिल्म जीरो में भी सलमान खान ने काम किया थास सलमान खान ने वीकेंड का वार एपिसोड में कंफर्म किया कि वह टाइगर 3 और कभी ईद कभी दिवाली में भी नजर आने वाले हैंस सलमान खान शनिवार को कहते नजर आए, श्जिंदगी ऐसे ही चलती हैस जब यह शो खत्म हो जाएगा, तब मैं पठान की शूटिंग करूंगास इसके बाद टाइगर 3 की शूटिंग करूंगा और फिर कभी ईद कभी दिवाली की शूटिंग करूंगासश पठान में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की अहम भूमिका हैस इस फिल्म की शूटिंग पिछले वर्ष नवंबर में शुरू हो गई थीस वहीं शाहरुख खान इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैस सलमान खान इसके पहले शाहरुख खान की फिल्म श्कुछ कुछ होता हैश में भी नजर आ चुके हैंस वहीं शाहरूख खान ने सलमान खान की फिल्म ट्यूबलाइट और हर दिल जो प्यार करेगा में भी कैमियो किया था। कोरोनोवायरस लॉकडाउन ने दुनिया भर के फिल्म प्रशंसकों को बड़ा झटका दिया था, जो 2020 में रिलीज होने वाली फिल्मों का इंतजार कर रहे थे।

# उर्वशी ने कहा ग्लेशियर, ग्लेशियर बर्स्ट जैसी आपदाओं से निपटने के लिए विज्ञान का लेना चाहिए सहारा



उर्वशी रौटेला ने उत्तराखंड के प्राकृतिक आपदा फंड में भी डोनेशन दिया हैस 2013 में भी उत्तराखंड में ऐसी ही भयंकर आपदा आई थीस उत्तराखंड में पली और बड़ी होने के चलते उर्वशी को इस जगह से अधिक जुड़ाव हैस उत्तराखंड की निवासी और फिल्म अभिनेत्री उर्वशी रौटेला ने हाल ही में हुए चमोली में ग्लेशियर बर्स्ट पर अपनी प्रतिक्रिया दी हैस उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीक का विकास करना चाहिए, जो इस प्रकार की आपदाओं के आने से पहले हमें चेतावनी दे सकेस उर्वशी रौटेला ने कहा, श्भविष्य में हमें ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए विज्ञान का अधिक सहारा लेना चाहिएस 7 फरवरी की सुबह जो ग्लेशियर फटा है, वह एक लटकता हुआ ग्लेशियर थास मुझे लगता हैस हमें इस प्रकार की तकनीक विकसित करनी चाहिए, जो इस प्रकार की परिस्थितियों के बारे में पहले ही सतर्क कर सकें ताकि हम सचेत हो जाएं और तैयारियां कर सकेंसश उर्वशी रौटेला से पूछा गया कि उनका घर इस जगह से कितनी दूर है और क्या उनके परिवार के लोग ठीक हैंस तब उन्होंने कहा, श्यह ग्लेशियर जोशीमठ के पास फटा है, जिसके चलते धौलीगंगा में बहुत ज्यादा बाढ़ आ गई और इसके आसपास के किनारें नुकसान हुआस यह मेरे घर से 8 घंटे 40 मिनट की दूरी पर हैस मेरा परिवार पूरी तरह से सुरक्षित है लेकिन उत्तराखंड मेरा घर है, तो जो भी उत्तराखंड में होता हैस उससे मुझपर प्रभाव पड़ता हैसश उर्वशी रौटेला ने उत्तराखंड के प्राकृतिक आपदा फंड में भी डोनेशन दिया हैस 2013 में भी उत्तराखंड में ऐसी ही भयंकर आपदा आई थीस उत्तराखंड में पली और बड़ी होने के चलते उर्वशी को इस जगह से अधिक जुड़ाव हैस इस बारे में बताते हुए उर्वशी रोटेला ने आगे कहा था, श्उत्तराखंड में पली–बढ़ी होने के चलते मेरा पहाड़ों से व्यक्तिगत जुड़ाव हैस मुझे पहाड़ों में सांस लेना पसंद हैस मुझे ऐसा लगता है मैं जीवित हूंस मेरा परिवार अभी भी पहाड़ों में रहता हैस मेरा घर आज भी वहीं हैस हम जहां भी रहते हैंस हमें वह जगह पसंद आती हैस मैं एक पहाड़ी लड़की हूंसश उर्वशी फिल्म अभिनेत्री हैं और वह कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी हैंस उनकी भूमिकायें काफी पसंद की जाती हैस इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव है।



## सामने आए कोरोना के 7 नए लक्षण, शरीर में दिखें ये बदलाव तो तुरंत करवाएं टेस्ट

कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन अभियान चाहे शुरू हो गया है लेकिन अभी भी इसका कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके लगातार अलग–अलग लक्षण सामने आ रहे हैं और इन लक्षणों को समझना हर किसी के लिए आसान नहीं है। पहले जहां सूखी खांसी, बुखान व थकान इसके लक्षण बताए जा रहे थे वहीं अब इसके 7 और नए लक्षण सामने आए हैं। और आप में से बहुत से लोग ऐसे भी होंगे जिन्हें शायद इन नए लक्षणों के बारे में पता नहीं होगा। तो चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं।

पहले आप ये जान लें इस वायरस के आम लक्षण कौन से हैं

कोरोना को तकरीबन एक साल हो चुका है अभी तक इसके लक्षण यह बताएं जा रहे हैं कि इस वायरस के कारण बुखार होता है, लगातार खांसी आती है और गंध या स्वाद की क्षमता भी खत्म हो जाती है। लोगों को अभी तक इस वायरस के बस इन्हीं लक्षणों के बारे में पता है लेकिन हाल ही में एक रिसर्च के दौरान इसके 7 नए लक्षण सामने आए हैं जिन्हें जानना बहुत जरूरी है।

यह है कोरोना के 7 नए लक्षण

1. गले में खराश होना
2. दस्त लगना
3. सिरदर्द
4. मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों में दर्द
5. आंख आना
6. त्वचा पर लाल चकत्ते
7. हाथ या पैर की उंगलियों पर दाने या फफोले होना

शरीर में दिखें ये लक्षण तो न करें इग्नोर

वहीं अगर आपको लगातार खांसी हो रही है और वह रूक नहीं रही है तो आपको बिना देरी किए अपना टेस्ट करवाना चाहिए। वहीं अगर आपको बुखार हो रहा है और बुखार एक हफ्ते से ऊपर चला गया है तो भी आप अपना टेस्ट जरूर करवाएं।

बदलते मौसम में रखें ज्यादा ख्याल

देखा जाए तो कोरोना के नए लक्षण सर्दी, जुकाम के लक्षणों से मिलते जुलते हैं। और आजकल मौसम भी ऐसा है कि हर किसी को जुकाम व खांसी हो रही हैं इसलिए अगर आपके शरीर में ऐसे लक्षण दिख रहे हैं तो आप जल्द ही डॉक्टर से संपर्क करें। ताकि वायरस ज्यादा फैले न।

वैक्सीन लगाने में आ रही गिरावट

कोरोना का कहर अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा है लेकिन लोग अब इस वायरस को लेकर बिल्कुल भी सीरियस नहीं है। आप आज कहीं भी बाहर चले जाइए तो आपको बहुत कम व्यक्ति ऐसा मिलेंगे जिसने मास्क पहना होगा। वहीं देश में 16 जनवरी से टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है लेकिन अब इसमें भी गिरावट सामने आ रही है।

टीका लगवाने से मुंह फेर रहे लोग

देखा जाए तो अभी तक वैक्सीन का कोई साइड इफैक्ट सामने नहीं आया है लेकिन इसके बावजूद भी लोग टीका लगवाने से कतरा रहे हैं। हाल ही में चंडीगढ़ में कुछ ऐसा ही देखा गया जहां पर स्वास्थ्यकर्मी और फ्रंट लाइन वर्कर्स वैक्सीन लगवाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं और अगर वह ही पीछे हट जाएंगे तो आम लोगों में वैक्सीन लगने का साहस कैसे आएगा।

लोगों को टीके पर नहीं हो रहा विश्वास

कोरोना वैक्सीनेशन में भारत चाहे सबसे आगे है लेकिन फिर भी टीकाकरण की प्रतिशत कम है। इससे यह साफ पता चलता है कि कोरोना की वैक्सीन पर आम लोगों का अभी भी विश्वास नहीं बन पा रहा है। लेकिन आपको आज भी सर्तक रहने की जरूरत है क्योंकि इसके रोज ही नए–नए लक्षण सामने आ रहे हैं।

## हाजमा बिगाड़ देगा अजवाइन का ज्यादा सेवन



जीवन में हर चीज का संतुलन होना बहुत अच्छा है। खाने में स्वाद बढ़ाने के अलावा अजवाइन का सेवन छोटी–मोटी हैल्थ प्रॉब्लम्स के लिए रामबाण औषधी है। लोग वजन घटाने से लेकर हाजमा सही करने के लिए अजवाइन का सेवन करते हैं लेकिन हद से ज्यादा इसका सेवन आपको बीमार भी कर सकता है। जी हां, अगर गलत तरीके व मात्रा में अजवाइन का सेवन किया जाए तो इससे हाजमा सही होने के बजाए बिगड़ भी सकता है। चलिए आपको बताते हैं अजवाइन के नुकसान...

कितनी मात्रा में करें सेवन?

एक दिन में 10 ग्राम से अधिक अजवाइन का सेवन नहीं करना चाहिए। दरअसल, इसकी तासीर गर्म होती है इसलिए अधिक मात्रा में इसका सेवन हानिकारक हो सकता है।

कैसे खाएं अजवाइन?

अजवाइन को पानी में डालकर उबालें और फिर पानी को छानकर पी लें। आप इसे गुड़ के साथ भी ले सकते हैं।

पेट में अल्सर

पेट में अल्सर, इंटरनल ब्लीडिंग, अल्सरेटिव कोलाइटिस या मुंह में छाले हो तो भूलकर भी अजवाइन का सेवन ना करें। इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है।

हो सकती है कब्ज

लगातार और ज्यादा मात्रा में इसका सेवन गैस , एसिडिटी और कब्ज की दिक्कत दे सकता है इसलिए हाजमा सही करने के लिए इसका अधिक मात्रा में सेवन ना करें। साथ ही इससे सीने में जलन या जठरांत्र की समस्या भी हो सकती है।

स्किन संवेदनशील हो सकती

इससे आपकी स्किन सेंसटिव हो सकती है। ऐसे में धूप के संपर्क में आने से स्किन पर अलग–अलग तरह के एलर्जिक रिएक्शन हो सकते हैं। यही नहीं, बाद में यह स्किन कैंसर का कारण भी बन सकता है।

प्रेगनेंसी में ना करें सेवन

प्रेगनेंसी में भूलकर भी अजवाइन का सेवन ना करें क्योंकि इससे शरीर में गर्मी का लेवल बढ़ जाता है, जो इस स्थिति में खतरनाक है। हालांकि आप कब्ज और एसिडिटी के लिए अजवाइन खा सकती हैं लेकिन दिन में 10 ग्राम से ज्यादा नहीं।

दिल की बीमारी

पानी के साथ अजवाइन लेने से दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। ऐसे में आप कई तरह हार्ट डिसीज के घेरे में आ सकते हैं।

लिवर की परेशानियां

अधिक मात्रा में अजवाइन का सेवन लिवर संबंधित बीमारियों का कारण बन सकता है। डायवर्टीकुलिटिसऔर अल्सरेटिव कोलाइटिस से जूझ रहे लोगों को अजवाइन का सेवन नहीं करना चाहिए।

चक्कर और उल्टी

अजवाइन में थाइमोल व गामा टेरपीन होता है, जिससे उल्टी–मतली और चक्कर आ सकते हैं। वहीं, इससे अम्लता बढ़ती है, जिससे मुंह का स्वाह और मूड खराब हो सकता है।

एलर्जी है तो रहें दूर

अगर अजवाइन से एलर्जी है तो इसका सेवन भूलकर भी ना करें। इससे आपको सर्दी, रैशेज या पित्त की समस्या हो सकती है। इसलिए अजवाइन खाने से पहले पैच टेस्ट कर लें।

## खतरे से खाली नहीं हमेशा तनाव में रहना, कम हो सकता है वैक्सीन का असर




कोरोना वायरस का प्रकोप अभी भी खत्म नहीं हुआ है। भारत के साथ–साथ तमाम देशों में वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। भारत में वैक्सीनेशन की बात करें तो बाकी देशों से भारत काफी आगे हैं। हाल ही के आंकड़ों की मानें तो अभी तक 50 लाख लोगों से ज्यादा को वैक्सीन लगाई जा चुकी है लेकिन एक स्थिती में वैक्सीन काम नहीं करेगी। जी हां हाल ही में हुई एक रिसर्च की मानें तो अगर आप हर पल तनाव में रहते हैं या फिर आपको डिप्रेशन रहता है तो आप पर वैक्सीन का असर बाकी लोगों के मुकाबले कम हो सकता है।

दोनों का है आपस में कनेक्शन

अब कुछ लोगों के मन में एक सवाल यह आ रहा होगा कि इनका आपस में क्या कनेक्शन है। लेकिन अमेरिकी वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि हाल ही में हुई रिसर्च इस बात की ओर इशारा करती है कि दोनों का आपस में कनेक्शन है। और हर वक्त तनाव में रहना और डिप्रेशन में रहने से आप पर वैक्सीन का असर कम हो सकता है इतना ही नहीं इससे आपकी मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ सकता है और इम्युनिटी भी कमजोर हो सकती है।

यही नहीं आपको बेशक यह स्ट्रेस शब्द छोटा सा लग रहा होगा लेकिन इससे आपके शरीर पर काफी बुरा असर पड़ सकता है और आपको कई गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। इसका इलाज बताने से पहले आप जान लें कि स्ट्रेस और तनाव में रहने के क्या लक्षण हैं।

1. कमजोरी महसूस होना
2. भूख न लगना या फिर हमेशा खाने का मन न होना
3. सिरदर्द होना या फिर सिर में भारीपन महसूस होना
4. नींद न आना
5. पेट में हल्का हल्का दर्द रहना

क्या हैं स्ट्रेस में होने के कारण

स्ट्रेस में होने के कई कारण हो सकते हैं। जैसे कि

1. कुछ लोगों को हर वक्त कुछ न कुछ सोचने की आदत रहती है
2. कईं बार हमारी जिंदगी में किसी शख्स के चले जाने से हमारी हालत ऐसी हो जाती है
3. जिंदगी में कुछ पाने की चाह भी हमें स्ट्रेस की ओर ले जा सकती है
4. कोई चीज न मिलना – कईं बार ऐसा देखा गया है कि जब लोग कुछ पाने के लिए दिन रात एक करते हैं तो अगर उन्हें वो चीज न मिले तो वह स्ट्रेस में चले जाते हैं और इसका असर उनकी सेहत पर होने लगता है।
5. परिवार में चीजें ठीक न होना– कईं बार ऐसा भी देखा गया है कि परिवार में चीजें ठीक न होने के कारण स्ट्रेस होने लगता है और इसका असर शरीर पर तो होता ही है वहीं साथ ही में इसका असर मानसिकता पर भी काफी गहरा पड़ता है।

तनाव पर काबू कैसे पाएं?

1. रोजाना योग करें, एक्सरसाइज करें
2. अपने परिवार वालों से बातचीत करें
3. दिल की बात अपने अंदर न रखें
4. ज्यादा चीजें न सोचे
5. अच्छा भोजन करें
6. भरपूर नींद लें
7. अकेले रहने की बजाए लोगों से बातचीत करें

तनाव से बचने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें

1. हरी सब्जियां 2. अखरोट 3. दही 4. मीट 5. ओटमील 6. चिकेन सूप 7. ब्लूबेरी

स्ट्रेस से आपको कईं परेशानियां हो सकती हैं इसलिए समय रहते इस पर काबू पा लें वर्ना आपको सेहत संबंधी बहुत सारी बीमारियां हो सकती हैं।



## लड़कियों की मुस्कान में छिपे हैं गहरे राज, जानिए क्या कहती है आपकी हंसी

जीवन में खुशी व गम का सिलसिला चलता रहता है। मगर फिर भी हर कोई अपनी जिंदगी में खुशियों की कामना करता है। साथ ही हर कोई ऐसे लोगों से मिलना व रहना पसंद करते हैं, जिनके चेहरे पर हमेशा प्यार भरी मुस्कान हो। ऐसे में बात हंसने की करें तो हर किसी के हंसने का अलग–अलग तरीका होता है। ऐसे में सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, किसी के हंसने के अंदाज से भी उसके स्वभाव के बारे में पता लगाया जा सकता है। तो चलिए आज हम आपको लड़कियों के हंसने के तरीकों से उसके नेचर के बारे में बताते हैं...

खिलखिलाकर हंसने वाली

हमेशा चेहरे पर मुस्कान रखकर व खिलखिलाकर हंसने वाली लड़कियां अपने आसपास के लोगों को भी खुश रखती है। हम यूं कह सकते हैं कि ये जहां भी जाती है, खुशियां ही फैलाती है। ऐसे में ये अपने पार्टनर पर भी जान छिड़कती है। ये नेचर से सहनशील, दयालु, भावुक, केयरिंग व रोमांटिक होती है।

ठहाका मारकर हंसने वाली

ठहाके मारकर हंसने वाली लड़कियां आत्मविश्वास से भरी होती है। ये अपने इस नेचर के चलते जीवन में जल्दी ही सफलता हासिल करती है। मगर ऐसी लड़कियां जोर से हंसने के साथ अगर चेहरा पर व्यंग्यपूर्ण भाव रखें तो इन्हें हम अहंकारी कह सकते हैं।

# चाय पीने के शौकीन हो जाएं सतर्क, शरीर को पहुंच सकते हैं ये नुकसान

बहुत से लोग ऐसे हैं जो अपने दिन की शुरुआत चाय के साथ करते हैं। वहीं सर्दियों में लोग ज्यादातर चाय या कॉफी का सहारा लेते हैं। थकान उतारने के लिए तो दिन में कई बार चाय का सेवन करते हैं लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि यह आपकी सेहत के लिए सही है भी या नहीं। अधिक मात्रा में चाय पीने से स्वास्थ्य को कई तरह के नुकसान पहुंच सकते हैं। तो चलिए आज आपको बताते हैं कि ज्यादा चाय पीने से शरीर को होने वाली साइड इफेक्ट के बारे में...

कितनी मात्रा में करना चाहिए चाय का सेवन

एक कप चाय में 20 से 60 मिलीग्राम के बीच कैफीन की मात्रा पाई जाती है। इसलिए दिन में 3 कप से ज्यादा चाय पीना सेहत को नुकसान दिलाता है।

पेट में गैस की समस्या

खाली पेट चाय पीने से सीने में जलन, पेट में गैस और इनडाइजेशन जैसी परेशानियां आपको झेलनी पड़ सकती है।

चक्कर आना

चाय में कैफीन की मात्रा अधिक होने के कारण चक्कर आ सकते हैं। ऐसी स्थित तब आती है जब आप 400–500 मिलीग्राम से ज्यादा कैफीन का सेवन कर लेते हैं। हालांकि तनाव से जूझ रहा व्यक्ति अगर कम मात्रा में चाय का सेवन करता है तब भी उसे चक्कर आ सकते हैं।

नींद न आना

अगर आप दिन में 2 कप से ज्यादा चाय पीते हैं तो आपको रात के वक्त नींद न आने की परेशानी हो सकती है। कई लोग रात के खाने के बाद चाय पीते हैं, इससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है।

किडनी पर बुरा प्रभाव

अधिक चाय पीने का असर किडनी पर भी पड़ता है। खासतौर पर डायबटिक पेशेंट को ज्यादा मात्रा और ज्यादा गर्म चाय बिल्कुल नहीं पीनी चाहिए। इसका पूरा असर पेशेंट की किडनी पर पड़ता है।



चिड़चिड़ा बनाती है चाय

हद से ज्यादा चाय पीना इंसान को इसका आदि बना देता है जिस पर इसके न मिलने पर बेहद थकान महसूस होती है और कई बार इंसान चिड़चिड़ापन भी महसूस करने लगता है।

गर्भावस्था में समस्या आना

गर्भावस्था के दौरान चाय का ज्यादा सेवन नहीं करना चाहिए। इससे गर्भपात और जन्म के समय शिशु का वजन कम होने का खतरा बढ़ जाता है।

# लव जिहाद के शक में पुलिस ने परिजनों को उठाया

**– जाँच पड़ताल में दोनों एक ही धर्म के निकले**

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र स्थित एक मंदिर पर रविवार को शादी करने पहुचे लड़के और लड़की के परिजनों को स्थानीय थाने की पुलिस ने उन्हें थाने लाकर बैठा दिया, किसी ने इसे लव जिहाद का मामला बताते हुवे थाने में इसकी सूचना दी थी, नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के नौरंगिया तिराहा स्थित शिव मंदिर पर रविवार को कुछ लोग वहां पर शादी करने के लिए पहुचे, उनमे कुछ दूसरे धर्म की महिलाएं भी थी, उनकी पहनावा व हावभाव को देखकर स्थानीय ग्रामीणों, दुकानदारों सहित राहगीरो को उन पर कुछ संदेह हुआ, और उन लोगो ने शादी करने आये लड़का और लड़की सहित उनके परिजनों को घेर लिया, उसी भीड़ में से किसी ने नेबुआ नौरंगिया थाने में लव जिहाद का प्रकरण बताते हुवे इसकी सुचना दे दी, सुचना पाते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुचकर दोनों के परिजनों को लाकर थाने में बैठा दिया, जबकि भीड़ का फायदा उठाते हुवे लड़का और लड़की मौके से फरार हो गये। परिजनों के कहने पर कुछ देर बाद दोनो शादी के जोडे पहने ही थाने में हाजिर हो गए।





**थानाध्यक्ष के पूछताछ और आधार कार्ड में दोनों एक ही धर्म के निकले**

उपरोक्त प्रकरण में नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष पवन सिंह ने बताया कि लव जिहाद की सुचना मिलने पर मौके पर पुलिस गयी थी, पूछताछ करने के लिए उन्हें थाने लाया गया था, आधार कार्ड और स्थानीय ग्रामीणों के पूछताछ में दोनों एक ही धर्म के और बालिग निकले, कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

# राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ के द्वारा अहिरौली हनुमान सिंह के नव युवकों को क्रिकेट किट व टीशर्ट किया वितरण

अमित रेखा – प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

गोडरीय – कुशीनगर। राष्ट्रीय युवा शक्ति संघ के संरक्षक डॉ केशव गुप्ता के द्वारा ग्राम सभा अहिरौली हनुमान सिंह के पूरब टोला व बीचला टोला के नव युवकों को ग्रामसभा के सम्मानित बुजुर्ग( बदरी व रामायण)के माध्यम से क्रिकेट खेलने हेतु क्रिकेट किट जिसमें बैट , बॉल , स्टंप और टीशर्ट सम्मिलित है दिया गया । खेल कूद भी व्यक्ति के जीवन का एक अहम हिस्सा है। यह हमारी शिक्षा का एक अभिन्न अंग है क्योंकि शिक्षा का अभिप्राय केवल किताबी ज्ञान से नहीं होता अपितु इसके अंतर्गत खेल कूद का ज्ञान भी आवश्यक है। शिक्षा का अर्थ मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास से भी होता है। कहा भी जाता है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। शिक्षा और खेलों का एक दूसरे के बिना कोई महत्व नहीं है। ये दोनों ही एक दूसरे के बिना अपंग है। पूरब टोला के कैप्टन मनीष टीम में नंदू, रत्नेश, निखिल, अनिकेश, नवीन, प्रिंस, रामु, श्याम, बिट्टू,अभिनंदन ,अमन, गोपी अखिल सुबोध सूरज सहित बिचला टोला के कैप्टन मंगेश टीम में वीरू, सूरज, योगेश, भोला, सुजीत रोहित, अरुण ,मुन्ना, अक्की, छोटू, राजन , लड्डू समेत अहमद हुसैन राहुल शर्मा ,राकेश दुर्गेश अरमान उपस्थित रहे।



# कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जल्द ही शुरू होगी उड़ाने

**– निर्माणाधीन कंपनियों ने लगभग 90 प्रतिशत कार्य कर लिए हैं पूर्ण**

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। कुशीनगर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से जल्द ही हो सकती हैं उड़ाने निर्माणाधीन कंपनियों ने अपने कार्य को लगभग पूर्ण ही कर लिया है मिली जानकारी के मुताबिक वेस्टर्न आउटडोर स्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राहुल शाह से बातचीत करने पर पता चला कि उनका कार्य लगभग 90 : पूर्ण हो चुका है बाकी कार्य प्रगति पर है जैसे मेन रूटिंग का कार्य लगभग पूर्ण है ग्लास का कार्य भी पुणे है बाउंड्री वॉल प्रगति पर है कार पार्किंग प्रगति पर है ड्रेन का कार्य प्रगति पर है सिटी साइड रोड एरिया का कार्य भी प्रगति पर है और टाइल्स के कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं और कार्य भी तेजी से हो रहे हैं लगता है की मार्च तक डोमेस्टिक उड़ाने हो सकती हैं इस पर एयरपोर्ट अथॉरिटी के सीनियर मैनेजर अमर सिंह से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि फरवरी लास्ट और मार्च स्टार्टिंग तक सभी निर्माणाधीन कंपनियां अपने कार्यों को पूर्ण कर लेंगे फिर मार्च माध्यम से उड़ाने हो सकती है।



# एम एस पब्लिक स्कूल द्वारा सोमवार को मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

अमित रेखा महराजगंज। आपने वैलेंटाइन डे पर पश्चात सभ्यता पर ढेरों कार्यक्रम देखे होंगे जहां पर भारतीय संस्कृत पर प्रश्नचिन्ह भी लगते हैं ऐसे में महाराजगंज जिले के बृजमनगंज ब्लाक अंतर्गत ग्राम सहजनवा बाबू में स्थित एम एस पब्लिक स्कूल द्वारा सोमवार को वैलेंटाइन डे के 1 दिन पश्चात मातृ –पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने माता पिता की महिमा और उनकी जीवन मैं उपयोगिता पर गीता और नाटक के माध्यम से लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपने माता पिता का पूजन अर्चना करते हुए उनको आलिंगन कर उनके चरणों में नतमस्तक होकर पराम किए। इस दृश्य को देखकर वहां पर उपस्थित सभी माता पिता और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक बजरंग बहादुर सिंह और अन्य भाव विभोर हो गए। कितनों के आंखों से आंसू छलक गए। वही विधायक फरेंदा बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि बहुत से राजनीतिक मंजू पर जाता हूं , बहुत सारे विद्यालयों के कार्यक्रमों में शिरकत होता हूं लेकिन आज इस कार्यक्रम से मैं भावविभोर हो गया। यह सच है धरती पर माता पिता ही भगवान के रूप में होते हैं। जो अपने बच्चों को हमेशा खुशहाल देखना चाहते हैं। वह खुद भूख प्यास और अभाव में रहकर अपने बच्चों को उज्जवल भविष्य में अपना योगदान देते रहते हैं। जीवन में माता–पिता से ज्यादा कोई हितकर नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक बृजभान यादव व कार्यक्रम आयोजक गणेश गुप्ता ने कहा कि गुरु की कृपा से हमें माता पिता में भगवान होने का ज्ञान दिया गया है। समाज में पश्चात सभ्यता हाबी हो रही है जिसके कारण हम समाज और भारत के नौनिहालों में अपनी भारतीय संस्कृत जागृत करना चाह रहे हैं इसलिए हम ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज को अपनी संस्कृति से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन रियाज इदरीश ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक दीपक गौड़ ,सुनील सिंह, मनोज गुप्ता, पल्लवी सिंह ,रिया सिंह ,शारदा यादव ,खुशबू सिंह आदि का अहम रोल रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता योगेंद्र यादव, चंदू सिंह, राजू सिंह, नोहर सिंह, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।



# मिल्कीपुर ब्लॉक का सारी गाँव मामला

**– दर्द भरी जिंदगी**

अमित रेखा ब्यूरो अयोध्या। 5 साल विकास करने वाले गांव के प्रधान के सारे दावे हकीकत में खोखले साबित हो रहे हैं। मिल्कीपुर ब्लाक के सारी गांव में पिछले 5 साल में हुए विकास कार्यों की हकीकत जानने पहुचा गया। जब यंहा जानकारी हासिल की तो मालूम हुआ कि करीब 5 हजार मिश्रित जातियों की आबादी वाले इस गांव में कई पुरवा है। पर कुछ जगह विकास तो ढ़ंढने पर दिखा पर कुछ पुरवा विकास के नाम पर झुनझुना ही बजा रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनधि केश्वराम चौरसिया ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद करीब 1 वर्ष बैंक में खाता ही नही खुला जिस वजह से विकास का पहिया दौड़ नही सका। चौकाने वाली बात तो ये है कि इस गांव में आंगनबाड़ी केंद्र की मांग भी की गई पर न मिल सका। बारात घर के लिए जगह नही जिस वजह से इधर प्रधान ने ध्यान नही दिया। प्रधान प्रतिनिधि केश्वराम चौरसिया की अगर माने तो इस पांच साल में उनके द्वारा मात्र 33 आवास ही लाभार्थियों को मुहैय्या करा पाएं जिसमें 18 से 20 आवास बन गए बाकी का कार्य चल रहा है। सांसद निधि और जिला पंचायत निधि से इंटर लॉकिंग व आरसीसी सड़क का ही निर्माण करा पाय। विधायक निधि न मिलने की वजह से भी कुछ काम आगे न हो पाया। गांव में विकास का दम भरने वाले चौरसिया इस बार भी अपने द्वारा कराये गये विकास को लेकर ही जनता के बीच जाएंगे। गौरतलब है कि सारी तकिया पहुंची हमारी टीम ने जब स्थानीय लोगों से बात की तो ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के विकास के सारे दावे खोखले ही नजर आये। किसी को आवास नही तो किसी का खंडहर नुमा मकान गिर गया और वो पन्नी के नीचे जीवन यापन कर रहा है। सड़क के नाम पर लोगों ने खुद दूसरे से मदद लेकर थोड़ा बहुत ईंट के टुकड़े बिछवाए जिससे बारिश के दिनों में अपने घर जा सके। सारी तकिया के रहने वाले मोहम्मद रईस की अगर माने तो उन्होंने कई बार प्रधान से आवास के लिए गुहार लगाई पर प्रधान प्रतिनिधि ने न ही आवास का लाभ दिलाया बल्कि आवास पास होने पर कैंसिल करा देने तक कि बात कह डाली। वंही सकीना की अगर माने तो पांच साल में किये हुवे विकास पर भी सवाल उठाते हुए बताती हैं कि इस बार वे प्रधान ही बदल देंगे। फिलहाल झुटे वादों के सहारे पांच साल सारी गांव की निगहबानी करने वाली ग्राम प्रधान लालमती के प्रतिनिधि केश्वराम चौरसिया ने विकास की जो हकीकत बताई वो गांव में जाने के बाद कुछ और ही नजर आई।



# सामाजिक कुंभ स्थल पर दी गई पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

अमित रेखा – अजय तिवारी

नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। कुशीनगर छितौनी बगहा रेलपुल के पास नारायणी सामाजिक कुम्भ स्थल पर 2019 में हुए पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद जवानों की स्मृति में दीपदान कर श्रद्धाजलि दी गयी। नारायणी सामाजिक कुम्भ के संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने कहाकि देश शहीदो के पराक्रम, साहस व सर्वोच्च बलिदान के लिये देश ऋणी है, आतंकी हमले में देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले सेना के अमर वीर जवानों की शहादत को देश कभी नही भूलेगा। इस अवसर पर संरक्षक रामनयनदास, ब्रह्मदेव तिवारी,रोशनलाल भारती, महंथ कुंजबिहारी ,कर्मवीर साहनी,सुरेन्द्र साहनी,प्रभाकर पांडेय, नरेंद्र चौरसिया, जयप्रकाश सिंह,राहुल मिश्र, कर्ण यादव,सुनील यादव, विकास सिंह,अर्जुन साहनी, भुवाल गोंड़,बर्मा ठाकुर,ध्रुव साहनी आदि लोग उपस्थित थे।



# तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समारोह का हुआ समापन

अमित रेखा – मनीष तिवारी

पिपराघाट – कुशीनगर। किसान पीजी कॉलेज तमकुही रोड,सेवरही में विगत तीन दिन से चल रहे वार्षिक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समारोह काशनिवार को समापन हुआ।कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री डॉ पीके राय ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती के फोटो चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।तत्पश्चात महाविद्यालय के आगन्तुक अतिथियों का स्वागत बैच अलंकरण व अंग वस्त्र भेंट करके किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शाही ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है।जीवन में शरीर की स्वस्थता के लिए खेल आवश्यक है।उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।उन्होने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है।वही विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्य मंत्री डॉ राय ने छात्र–छात्राओं को खेल में अनुशासन एवं सेवा भावना के लिए एकजुटता पर जोर दिया।भावना से खेलने और खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी हैं।खेल से प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलता हैं।जिससे छात्र उच्च स्तर पर पहुँचकर एक अच्छे भविष्य का निर्माण करते हैं।इसके पूर्व प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र उर्फ राजू राय एवं प्रबन्धक अनुप राय ने संयुक्त रूप से अतिथियों को माल्यार्पण कर एवं बैच लगा कर अतिथियों का सम्मान किया।इस दौरान उपस्थित अतिथियों द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका कल्याणी का विमोचन भी किया गया।कार्यक्रम को गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र राय, वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह आदि ने संबोधित किया।उक्त समारोह के क्रीड़ा प्रभारी डॉ अनिल कुमार एवं डॉ मिथिलेश पाण्डेय तथा सांस्कृतिक प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह रहे। वार्षिक क्रीड़ा की आख्या प्रस्तुत की एवं आगन्तुक अतिथियों का स्वागत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में राम भक्त हिमांशु वर्मा हेमू, अभिषेक शुक्ला अजीत,मंडल महामंत्री मनीष तिवारी, छात्रसंघ पूर्व उपाध्यक्ष,राहुल वर्मा,जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी आदित्य जायसवाल शालू ने मिलकर भगवान श्री राम का प्रतिमा कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही को दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ दिनेश श्रीवास्तव एवं ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ विवेक पाण्डेय एवं चंद्रप्रभा मिश्रा ने किया।उपस्थित लोगों में एसडीएम ए आर फारूखी, सभासद ब्रजभूषण मिश्रा उर्फ बड़का बाबू , सेवानिवृत्त शिक्षक जयप्रकाश राय, महिमा राय, सुरेंद्र राय, जेके सिंह,अंबुजेश शुक्ला,अभिषेक राय,अवनीश कुमार, अजय शाही, पूर्व चेयरमैन त्रिभुवन जायसवाल एवं प्रबन्ध समिति के सदस्यों में सुनिल मिश्रा, संजय शुक्ला, अजय राय, अवधेश राय, कन्हैया सिंह,वीरेंद्र यादव एवं छात्र संघ के पूर्व एवं निवर्तमान पदाधिकारियो सहित तमाम छात्र–छात्राए मौजूद रहें।



# पांच बदमाशों को क्राइम ब्रांच व गोला पुलिस ने पकवा पुल के पास मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

**– गिरफ्तार करने वाली टीम को डीआईजी ने दिया 25000 का इनाम**

**– अवैध असलहा, 626000 नगदी समेत पांच बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

अमित रेखा गोरखपुर। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाते हुए क्राइम ब्रांच व गोला पुलिस ने भरोह –वाणी तरया मोड पर हुई डकैती की घटना में संलिप्त पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक तमंचा एक खोखा जिंदा कारतूस 315 बोर एक तमंचा एक जिंदा खोखा कारतूस 12 बोर लूटा गया 626000 नगद घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल व एक अन्य मोटरसाइकिल किया बरामद ।गोला थाना क्षेत्र के भैरो बाड़ी में 10 फरवरी को बदमाशों ने मेडिकल स्टोर संचालक से 700000 लूट की घटना को अंजाम दिया था। घटना का खुलासा करते हुए डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार ने पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि गोला क्षेत्र के पकवा पुल के पास मुठभेड़ के दौरान क्राइम ब्रांच व गोला पुलिस ने डकैती की घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को अवैध तमंचा कारतूस के साथ लूटे गये 626000 को भी पुलिस ने बरामद किया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल भी बरामद किया है जिसमें से दो मोटरसाइकिल लूट की घटना में इस्तेमाल किया गया । अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान अपना नाम सौरभ त्रिपाठी अभिषेक यादव मनीष कुमार प्रजापति अंजनी कुमार मिश्रा प्रतीक पाठक शामिल है। मनीष प्रजापति के खिलाफ एक मुकदमा मारपीट का उरुवा थाने पर दर्ज है। घटना में शामिल एक अभियुक्त अभी भी फरार है जिसके ऊपर 25000 का इनाम घोषित किया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम को 25000 का नगद पुरस्कार भी दिया गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम को गिरफ्तार करने वालों में क्राइम ब्रांच के निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला गोला थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह उप निरीक्षक सादिक परवेज उपनिरीक्षक चंद्रभान सिंह, हेड कांस्टेबल विपिन निर्मल राज मंगल सिंह शशिकांत राय योगेश सिंह राशि दस्तरखान सनातन सिंह तेज सिंह मोहसिन खान धर्मेंद्र नाथ तिवारी राकेश कुमार यादव प्रदीप राय कांस्टेबल संतोष सिंह अरुण कुमार यादव गणेश शंकर पांडे अशोक चौधरी शामिल रहे। प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी क्राइम/ गोरखनाथ रत्नेश सिंह भी रहे मौजूद।




# गैर इरादतन हत्या में वांछित अभियुक्त झारखण्ड राज्य से किया गया गिरफ्तार

अमित रेखा ब्यूरो हसन

अयोध्या। पुलिस उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार एंव पलाश बंसल,सहायक पुलिस अधीक्षक के दिशा–निर्देशन में वांछित अपराधियों एंव वारंटियों खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुक्रम में शैलेन्द्र कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एंव क्षेत्राधिकारी बीकापुर के कुशल पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद शुक्ल थानाध्यक्ष थाना तारुन के नेतृत्व में उ.नि.सुनील कुमार मय पुलिट टीम द्वारा दिनांक 15. 02 . 21 को थाना स्थानीय पंजीकृत मु0अ0स0 96/13 धारा–342,304,भादवि0 व 3(2) 5 SC ST ACT से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्तों विटका हैम्ब्रम पुत्र बाबूराम हैम्ब्रम निवासी ग्राम गोलपुर थाना मसलिया जनपद– डुमका राज्य– झारखण्ड एंव चिप किशोर पुत्र अबिलाला हैम्ब्रम निवासी ग्राम लहरजोरिया थाना मसलिया जनपद डुमका राज्य झारखण्ड को झारखंड राज्य से गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय भेजा गया।



# महिला की अधजली शव मिला

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। रविवार के दिन अधजली महिला की शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सेवरही थाना क्षेत्र के गांव रकबा दुल्मा पट्टी के टोला भगवान पुर के पास मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर मे एक अज्ञात अधजली महिला की शव मिलने से उस समय सनसनी मच गई जब राहगीरों ने नहर में शव तैरता देख हो हल्ला मचाया । उल्लेखनीय हो की मुख्य पश्चिम गण्डक नहर के बनरहा रेगुलेटर से उत्तर भगवान पुर के पास अज्ञात महिला की अधजली शव मिलने कि सूचना पर सेवरही थाना अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच नहर से तैरते शव को बाहर निकलवा कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गये। बताते चलें कि महिला का अनुमानतः उम्र 25 वर्ष के करिब हैं इस समबन्ध में सेवरही थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी से बात करने पर बताया की मुख्य पश्चिम गण्डक नहर भगवान पुर के पास एक अज्ञात महिला की अधजली शव मिला है शव की पहचान नही हो पाया है शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# मजदूरी न मिलने से लेवर परेसान, बीडीओ मौन

अमित रेखा – रमेश जायसवाल

हाटा – कुशीनगर। मामला हाटा ब्लाक का है ।लगभग एक महीने से हाटा ब्लाक में मनरेगा मजदूरों के मजदूरी का भुगतान नही हो पा रहा है मजदूर भुखमरी के कगार पर आ गए है ।हाटा ब्लाक के बीडीओ को इस बात की कोई चिंता नही है की मजदूरो का भुगतान कब तक होगा। यह बात इनकी नाकामी को दर्साता है ।एक महीने से भुगतान नही होने से मजदूरो में आक्रोश ब्याप्त है ।हाटा ब्लाक के मजदूर मजदूरी न मिलने के कारण बीडीओ का घेराव भी कर सकते है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव मो0– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।